




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 107 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 16 जनवरी 2026 डाक 17 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने 15 जनवरी 2026 को दिल्ली कैंट में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) का अवलोकन किया।



**देश-विदेश**

अमेरिका में इमिग्रेशन एजेंट की कार्रवाई जारी, एक और शख्स को मारी गोली



**फीचर पेज**

बेबी कॉर्न को डाइट में शामिल करने से मिल सकते हैं स्वास्थ्य लाभ




# महाभियोग मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका स्पीकर की कमेटी के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

**नईदिल्ली, 16 जनवरी [एजेंसी]।**



कैश कांड में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें लोकसभा स्पीकर के उन्हें हटाने की मांग वाले प्रस्ताव को स्वीकार करने के फैसले और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे संसदीय पैनल की वैधता को चुनौती दी गई थी। दरअसल, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की पीठ ने 8 जनवरी को वर्मा की याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने सोमवार को दोनों पक्षों को लिखित जवाब दाखिल करने को कहा था। इसके बाद आज सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के कार्यों का प्रयोग कर सकते हैं, तो राज्यसभा के उपसभापति सभापति की अनुपस्थिति में सभापति के कार्यों का प्रयोग क्यों नहीं कर सकते। ये टिप्पणियां उस बेंच ने कीं, जिसने जस्टिस वर्मा की ओर से किए गए इस तर्क से सहमत होने से इनकार कर दिया कि राज्यसभा के उपसभापति के पास किसी प्रस्ताव को खारिज करने की शक्ति नहीं है और, 1968 के न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत, केवल स्पीकर और सभापति के पास ही किसी जज के खिलाफ प्रस्ताव को स्वीकार या खारिज करने की शक्ति है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि जस्टिस वर्मा ने RS डिप्टी चेयरमैन के प्रस्ताव खारिज करने को चुनौती नहीं दी। लोकसभा स्पीकर और RS चेयरमैन दोनों ने प्रस्ताव पास नहीं किया इसलिए जॉइंट कमेटी संभव नहीं है।

## पुंछ और सांबा में भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन देखे गए

**पुंछ/जम्मू 16 जनवरी।** जम्मू और कश्मीर के पुंछ और सांबा जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन उड़ते हुए देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने कल रात को प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए अपने एंटी-अनमैन्ड एरियल सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया। सूत्रों के अनुसार, ड्रोन पुंछ में लाइन ऑफ कंट्रोल और सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में उड़ते हुए देखे गए। पुंछ में LoC के पास चौकियों के पास एक ड्रोन देखा गया, जिसके बाद बलों ने अपने एंटी-UAS उपायों को लागू किया।

## भूकंप के झटकों से दहला अमेरिका का ओरेगॉन, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.2 रही

**वॉशिंगटन 16 जनवरी।** अमेरिका के ओरेगॉन इलाके के तटीय क्षेत्र में भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 6.2 रही। हालांकि इसमें अभी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर अंदर था। नेशनल सुनामी वार्निंग सेंटर द्वारा अभी तक सुनामी को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। ओरेगॉन के जिस इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए, वह ओरेगॉन और कैलिफोर्निया की सीमा पर स्थित है और यहां अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। इस इलाके में आने वाले अधिकतर भूकंप जमीन के भीतर होते हैं और अक्सर धरती पर महसूस नहीं होते।

# विपक्ष के क्षेत्रों में हजारों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब

## संजय राउत ने चुनाव पर उठाए सवाल



**मुंबई, 16 जनवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव के नतीजे आज जारी किए जा रहे हैं। अभी तक के रुझानों में भाजपा बीएमसी समेत अधिकतर नगर निगमों में आगे चल रही है। इन रुझानों पर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। लंबे समय से बीएमसी की सत्ता पर काबिज शिवसेना यूबीटी इस बार पिछड़ती नजर आ रही है। इसे लेकर शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने चुनाव में धांधली के आरोप लगाए हैं। संजय राउत ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, मुंबई जैसे शहर में जिस तरह से वोटिंग पैटर्न रहा, वो बेहद चौंकाने वाला है। शिवसेना यूबीटी, मनसे और कांग्रेस के क्षेत्रों में हजारों लोगों के नाम मतदाता सूची में गायब मिले, जबकि उन्होंने विधानसभा चुनाव में वोट किया था। ईवीएम मशीन ठीक से काम नहीं कर रही थी। चुनाव आयोग हमारी बात सुनने को तैयार नहीं है। कल भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और चुनाव आयोग के स्टाफ के बीच बैठक हुई, जबकि अभी भी चुनाव आचार संहिता लगी हुई है। राउत ने आरोप लगाया कि वोटिंग प्रतिशत आने से पहले ही एग्जिट पोल्स के नतीजे आने शुरू हो गए थे। भाजपा ने अपनी जीत की खुशी भी मनानी शुरू कर दी थी।

## सिंगर जुबीन गर्ग की मौत पर पत्नी ने तोड़ी चुप्पी, केंद्र और असम सरकार से की ये मांग

**नई दिल्ली।** असम के प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने एक विस्तृत सार्वजनिक बयान जारी किया। गरिमा सैकिया ने जुबीन गर्ग की मृत्यु से संबंधित जानकारी सिंगापुर की अदालत में पेश किए जाने के बाद पहली बार चुप्पी तोड़ी। गरिमा सैकिया ने कहा कि परिवार का सत्य की खोज का प्रयास निरंतर जारी है। उनका बयान सिंगापुर कोरोनर कोर्ट की कार्यवाही के एक दिन बाद आया, जहां यह बताया गया कि 53 वर्षीय गायक 19 सितंबर 2025 को लाजरस द्वीप के पास तैरते समय डूब गए थे।

# हाईवे पर बैल की डेड बॉडी सड़क पर पड़ी थी... राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसा, 4 की मौत



**चित्तौड़गढ़ 16 जनवरी।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा रात करीब 1 बजे नरधारी क्षेत्र के पास हुआ। कार चित्तौड़गढ़ से उदयपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान हाईवे पर एक बैल की डेड बॉडी सड़क पर पड़ी थी। अंधेरा होने के कारण कार चालक को यह समय पर दिखाई नहीं दी और कार उससे टकरा गई। टक्कर के बाद कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। उसी समय सामने से आ रहे एक ट्रेलर से कार की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। शवों की शिनाख्त रिंकेश नानवानी, सुहानी नानवानी और रजनी नानवानी निवासी सिंधी कॉलोनी, प्रताप नगर (चित्तौड़गढ़) के रूप में हुई है। वहीं चौथे की पहचान इंदौर निवासी हीरानंद नानवानी के रूप में हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सीधा कराया और उसमें फंसे लोगों को निकाला। बाहर निकालने पर पता चला कि कार में सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे का मंजर इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी पहली नजर में सन्न रह गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है।

# गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध, रील बनाना भी पूरी तरह वर्जित...हरकी पैड़ी पर जगह-जगह लगा दिए गए बोर्ड



**हरिद्वार 16 जनवरी।** हरकी पैड़ी पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं, जिसमें स्पष्ट लिख दिया गया कि अहिंदू का प्रवेश पूरी तरह निषेध है। इसके अलावा तीर्थस्थल की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और मालवीय द्वीप क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार के फिल्मी गानों पर फिल्म और रील बनाना भी पूर्णतः वर्जित है। श्रीगंगा सभा ने इस प्रकार से रील्स आदि सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी है। कुछ दिन पहले हरकी पैड़ी क्षेत्र में बनाया गया एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा हो गया था। वीडियो में दो युवक अरबी वेशभूषा में घाटों पर घूमते नजर आ रहे थे।

इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने नाराजगी जताई है। मामले का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दो युवक स्वयं को दुबई का निवासी बताते हुए हरकी पैड़ी क्षेत्र में घूमते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद तीर्थ पुरोहितों ने इसे हरिद्वार की धार्मिक मर्यादा से जुड़ा बताते हुए आपत्ति जताई है।

# क्रॉकरी फैक्ट्री की लिफ्ट टूटकर गिरी हादसे में दो मजदूरों की दर्दनाक मौत

**बाहरी दिल्ली 16 जनवरी।** समयपुर बादली इलाके में क्रॉकरी बनाने वाली फैक्ट्री की लिफ्ट टूटकर गिर गई, जिससे दो श्रमिकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 32 वर्षीय हरिओम और 45 वर्षीय संजय मिश्रा के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने फैक्ट्री परिसर को सील कर दिया है, वहीं, लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। लिफ्ट टूटने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। मृतक हरिओम समयपुर बादली की गली नंबर नौ में ही रहते थे, जबकि संजय मिश्रा अपने परिवार के साथ सिरसपुर हरिजन बस्ती में निवास करते थे। पुलिस मालिक और प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि लिफ्ट का रखरखाव सही तरीके से हो रहा था या नहीं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। मृतक हरिओम समयपुर बादली की गली नंबर नौ में ही रहते थे, जबकि संजय मिश्रा अपने परिवार के साथ सिरसपुर हरिजन बस्ती में निवास करते थे। पुलिस मालिक और प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि लिफ्ट का रखरखाव सही तरीके से हो रहा था या नहीं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# ईडी के निशाने पर पूर्व मंत्री! फरीदाबाद में महेंद्र प्रताप के आवास पर 17 घंटे की रेड




**फरीदाबाद 16 जनवरी।** पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप के घर पर चल रही ईडी की छापेमारी रात 11 बजे खत्म हुई। पूर्व मंत्री के बेटे विजय प्रताप ने बताया पीयूष बिल्डर ग्रुप के साथ कोलैबोरेशन को लेकर हुई पूछताछ। विजय प्रताप ने पीयूष ग्रुप के साथ अपनी पैतृक जमीन को लेकर कोलैबोरेशन किया था । पीयूष ग्रुप यह प्रोजेक्ट सिरे नहीं चढ़ा पाया इससे निवेशकों का पैसा फंस गया। ईडी ने इस प्रोजेक्ट से संबंधित कागजात पूर्व मंत्री के घर से जुटाए और अपने साथ लेकर गए पीयूष ग्रुप के कई प्रोजेक्ट देश भर में फंसे हुए हैं जिनकी चल रही है जांच। ईडी की टीम बृहस्पतिवार सुबह करीब सर्च वारंट लेकर सुबह करीब 6.00 बजे हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे महेंद्र प्रताप के घर पहुंची थी। ईडी की टीम ने करीब 17 घंटे तक पूर्व मंत्री के घर में तलाशी अभियान चलाया।

# मेहुल चोकसी का बेटा रोहन भी था मनी लॉन्ड्रिंग में एक्टिव, 8 साल बाद ईडी का बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में ईडी ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के 8 साल बाद ईडी ने पहली बार औपचारिक रूप से दावा किया है कि उसका बेटा भी इसमें एक्टिव था। ईडी की ओर से यह दावा दिल्ली स्थित अपीलीय न्यायाधिकरण फॉर फॉरफिटेड प्रॉपर्टी के समक्ष अपनी लिखित दलीलों में गया है। दरअसल, मेहुल चोकसी के बेटे रोहन चोकसी की ओर से मुंबई की एक संपत्ति की कुर्की को चुनौती दी गई थी। जिसके जवाब में ईडी की कानूनी टीम ने ट्रिब्यूनल में दावा किया कि रोहन चोकसी के नाम मुंबई के वॉकश्वर रोड स्थित एक फ्लैट को वर्ष 2013 में उनके पिता मेहुल चोकसी ने जानबूझकर ट्रांसफर किया था। ईडी के अनुसार, रोहन चोकसी यह कदम भविष्य में संभावित कार्रवाई और संपत्ति कुर्की से बचने की पूर्व नियोजित रणनीति का हिस्सा था। क्योंकि, यह संपत्ति ऐसे समय में ट्रांसफर की गई, जब मेहुल चोकसी के कारोबारी लेन-देन पर सवाल उठने लगे थे। एजेंसी ने ट्रिब्यूनल को आगे बताया कि रोहन चोकसी के पास लस्टर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड नामक एक अन्य कंपनी में 99.99 प्रतिशत शेयर हैं, जिसमें मेहुल चोकसी निदेशक है। जांच में पता चला कि इस कंपनी का इस्तेमाल विदेशों में पैसे भेजने के लिए किया गया था। ईडी के अनुसार, जांच में यह भी पता चला कि एशियन डायमंड एंड ज्वैलरी एफजेडई से सिंगापुर स्थित मर्लिन लग्जरी ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड को 127,500 अमेरिकी डॉलर की राशि ट्रांसफर की गई थी। ईडी का दावा है कि एशियन डायमंड एंड ज्वैलरी एफजेडई ने अपराध की आय सीधे इस कंपनी को हस्तांतरित की।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक लगाई, ममता बनर्जी को नोटिस भेजा

**कोलकाता, 16 जनवरी ।**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को झटका देते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें, राज्य के DGP राजीव कुमार और अन्य को प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर नोटिस जारी किया। ED ने याचिका में कोलकाता में I-PAC ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के ठिकानों पर एजेंसी की छापेमारी में कथित तौर पर रुकावट डालने के आरोप में उनके खिलाफ CBI जांच की मांग की है। ED जांच में कथित रुकावट को बहुत गंभीर बताते हुए, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने इस बात की जांच करने पर सहमति जताई कि क्या किसी राज्य की कानून लागू करने वाली एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की केंद्रीय एजेंसी की जांच में दखल दे सकती हैं। बेंच ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा ED अधिकारियों के खिलाफ दर्ज FIR पर रोक लगा दी, जिन्होंने 8 जनवरी को कथित कोयला चोरी घोटाले के सिलसिले में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (I-PAC) - एक राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म - पर छापा मारा था। इसने राज्य पुलिस को छापेमारी की CCTV फुटेज को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया।

ममता, राजीव कुमार, कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा और दक्षिण कोलकाता के डिप्टी कमिश्नर प्रियब्रत रॉय को दो हफ्तों में ED की याचिका का जवाब देने के लिए कहते हुए, शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 3 फरवरी के लिए तय की। बेंच ने कहा, हमारी पहली नज़र में राय है कि मौजूदा याचिका ने ED या अन्य केंद्रीय एजेंसियों की जांच और राज्य एजेंसियों के दखल से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा उठाया है... देश में कानून के शासन को आगे बढ़ाने और हर अंग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने के लिए, इस मुद्दे की जांच करना ज़रूरी है ताकि अपराधियों को किसी खास राज्य की कानून लागू करने वाली एजेंसियों की ढाल के नीचे सुरक्षित न रहने दिया जाए। मौजूदा मामले में बड़े सवाल शामिल हैं, जिन्हें अगर बिना फैसला किए छोड़ दिया गया, तो स्थिति और खराब हो जाएगी और एक या दूसरे राज्य में अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी, यह देखते हुए कि अलग-अलग संगठन अलग-अलग जगहों पर शासन कर रहे हैं। यह सच है कि किसी भी केंद्रीय एजेंसी के पास किसी भी पार्टी के चुनावी काम में दखल देने की कोई शक्ति नहीं है, लेकिन अगर केंद्रीय एजेंसी नेक नीयत से किसी गंभीर अपराध की जांच कर रही है, तो सवाल उठता है कि क्या पार्टी की गतिविधियों की आड़ में एजेंसियों को अपनी शक्ति का इस्तेमाल करने से रोका जा सकता है।

# विदेशी फंडिंग से छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण! बड़ा नेटवर्क का हुआ खुलासा

**राजनांदगांव, 16 जनवरी ।**



जिले में धर्मांतरण का एक बड़ा नेटवर्क मिला है। ग्राम धर्मापुर में एक डेविड चाको नामक व्यक्ति अवैध रूप से आश्रम और चर्च चला रहा था, जहां नाबालिग बच्चों को रखकर कथित तौर पर धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित की जा रही थी। जिले के सुदूर अंचल गांवों में जहां बिजली की व्यवस्था नहीं होती थी वहां ग्रामीणों को डिजिटल प्रोजेक्टर लगाकर प्रभावित किया जा रहा था। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। मामला लालबाग थाना क्षेत्र के सुकुलदेहन चौकी का है। आरोपी के पास से कुछ विदेशी उपकरण बरामद किए गए है, जिनकी कीमत हजारों डॉलर में है। पुलिस को शक है कि इनकी फंडिंग विदेशों से होती थी। राज्य के कई जिलों में इस नेटवर्क के तार जुड़े होने की बात सामने आई है। मामले की शुरुआत 8 जनवरी को ग्राम धर्मापुर से मिली एक लिखित शिकायत से हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति अवैध रूप से आश्रम और चर्च चला रहा है, जहां नाबालिग बच्चों को रखा जा रहा है और कथित तौर पर धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश और नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। आरोपी डेविड चाको के खिलाफ छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3, 4 और 5 के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाले साक्ष्य मिले हैं। आरोपी के पास से सोलर-आधारित हाई-टेक प्रोजेक्टर जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत हजारों डॉलर बताई जा रही है। जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाले साक्ष्य मिले हैं। आरोपी के पास से सोलर-आधारित हाई-टेक प्रोजेक्टर जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत हजारों डॉलर बताई जा रही है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# हिंदू युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने पर लोगों में आक्रोश, हाईवे जाम कर आरोपी के घर पर किया पथराव

**हमीरपुर, 16 जनवरी [एजेंसी]।**



हिंदू युवती से दुष्कर्म के बाद उसका अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने से कस्बा सुमेरपुर में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। देखते ही देखते सड़कों पर लोग एकत्र हो गए और बाजार बंद कर आक्रोशित लोगों ने थाना सुमेरपुर का घेराव कर दिया और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। पुलिस से नोकझोक के बाद लोगों ने कानपुर सागर हाईवे पर जाम लगा दिया। वहीं युवती के भाई ने कहा कि यदि उसकी बहन को न्याय नहीं मिला तो वह थाने में ही आत्महत्या कर लेगा। घटना से आक्रोशित लोगों ने आरोपित मुस्लिम युवक के घर के बाहर पथराव भी किया।जिसमें घर के बाहर खड़े वाहन और शीशे की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों का आक्रोश देख आरोपित के घर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है।

युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, मतांतरण करने, जानमाल की धमकी, यौन उत्पीड़न समेत कुल नौ धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।कस्बा सुमेरपुर में करीब पांच घंटे तक चले हंगामे के बाद आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के आश्वासन के बाद लोगों ने हंगामा बंद किया। इस दौरान करीब चार से पांच थानों का पुलिस बल तैनात रहा।कस्बे में कमलेश तिराहा निवासी लकड़ी कारोबारी मौलाना खान के बेटे अफान खान ने एक हिंदू युवती को अपना धर्म छिपाकर प्रेम जाल में फसांया और दुष्कर्म के बाद उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद युवती पर मतांतरण का दबाव बनाने लगा। युवती के मना करने पर युवक ने बुधवार को देर रात युवती के अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल कर दिए। वीडियो वायरल होते ही हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश पनप उठा और सुबह से ही पीड़िता के घर पर हिंदूवादी संगठनों के नेताओं, कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हिंदूवादी संगठन पीड़िता के पिता को साथ लेकर थाने पहुंचे और हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। लोगों ने बाजार बंद कराकर थाने के सामने सागर हाईवे जाम कर दिया। इतना ही नहीं आक्रोशित लोगों ने आरोपित युवक के घर के बाहर भी जमकर हंगामा करते हुए पथराव किया। जिससे वाहन और घर की शीशे की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके बाद घर के बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति व महामंडलेश्वर स्वामी ज्योर्तिमयानंद गिरि महाराज समेत अन्य लोग भी थाने में पहुंच गए और आरोपित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।यह हंगामा करीब पांच घंटे तक चलता रहा।

## सम्मान निधि योजना ने बदल दी ज़िंदगी, आत्मनिर्भर बने सीताराम

**कोरबा ।** कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गढ़उपरोड़ा के निवासी श्री सीताराम पिता सेवकराम, जाति कंवर, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं। योजना के तहत उन्हें प्रतिवर्ष 6000 रुपये की राशि प्राप्त होती है, जिसने उनके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया है।



पहले उन्हें खेती के लिए खाद-बीज खरीदने और अन्य कृषि कार्यों के लिए कर्ज का सहारा लेना पड़ता था, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ जाता था। लेकिन सम्मान निधि मिलने के बाद उनकी मूल जरूरतें बिना कर्ज के पूरी होने लगी हैं। अब वे समय पर कृषि सामग्री खरीद पाते हैं और खेती में लगने वाला खर्च भी आसानी से संभल जाता है।

किसान सीताराम ने बताया कि योजना की मदद से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आत्मनिर्भर बनते जा रहे हैं। खेती की बेहतर व्यवस्था के कारण अब उनकी आमदनी पहले से अधिक हो रही है। सम्मान निधि योजना ने उन्हें कर्ज के चक्र से बाहर निकालकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।



## दिव्यांग बच्चों को डिजिटल एवं समावेशी शिक्षा से जोड़ने कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया एजुकेशनल किट का वितरण

**कोरबा ।** कलेक्ट्रेट कोरबा में समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले के 05 पूर्ण दृष्टिबाधित दिव्यांग बालक-बालिकाओं को समावेशी शिक्षा के तहत समग्र शिक्षा रायपुर से प्राप्त एजुकेशनल किट (स्मार्टफोन, स्मार्ट केन, स्मार्ट वॉच, स्टडी एलईडी लैम्प, मोबाइल स्कैनर स्टैंड, सिग्नेचर गाइड, टॉकिंग कैलकुलेटर आदि) का वितरण किया गया।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा बच्चों के शिक्षण में सहयोग, डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने और दिव्यांग विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से यह किट प्रदान की गई।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.पी. उपाध्याय, जिला मिशन समन्वयक श्री बल्लभ दास वैष्णव, बीआरपी (समावेशी शिक्षक) श्री जावेद अख्तर, श्री ज्वाला सिंह सोलंकी एवं श्रीमती अरुणा शर्मा उपस्थित रहे। एक कदम और एनजीओ से श्री आशुतोष ने समन्वय में सहयोग प्रदान किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय पाली महोत्सव का होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का आयोजन 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति दे सकते हों, ऐसे कलाकारों से निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आवेदनों (आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि) के चयन हेतु चयन समिति का गठन कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा किया गया है। जिसमें अध्यक्ष अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल, सदस्य सचिव सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री श्रीकांत कसेर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री तामेश्वर उपाध्याय, जिला कोषालय अधिकारी श्री निशांत पाण्डेय, खेल अधिकारी श्री दीनू पटेल और सहायक खेल अधिकारी श्री रामकृपाल साहू को सदस्य बनाया गया है।

## पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोरबा ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पाली महोत्सव 2026 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी 2026 सायं 04 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7869096888 पर संपर्क किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन हेतु बैठक 19 जनवरी को

**कोरबा ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम 25 जनवरी 2026 के आयोजन हेतु 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष कोरबा में बैठक आयोजित की गई है। सर्व संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

## कैलेण्डर वर्ष 2026 में कोरबा जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले के लिए कैलेण्डर वर्ष 2026 में तीन दिन स्थानीय अवकाश की घोषणा की है। जारी आदेश के अनुसार कैलेण्डर वर्ष 2026 में रथ यात्रा के अवसर पर 16 जुलाई गुरूवार, दशहरा (महा अष्टमी) 19 अक्टूबर सोमवार तथा दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 09 नवंबर सोमवार को सम्पूर्ण दिवस के लिए स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय, उपकोषालय एवं बैंको के लिए लागू नहीं होगा।

### लीथियम नीलामी में देश का बना पहला राज्य

# खनिज हब बना छत्तीसगढ़- 17,000 करोड़ राजस्व का लक्ष्य

### सचिव भौमिक एवं खनिकर्म पी. दयानंद की पत्रकार वार्ता

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ ने खनिज संपदा के दोहन और राजस्व संग्रहण में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राज्य के खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ न केवल प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, बल्कि अपनी योजनाबद्ध कार्यवाही से देश की अर्थव्यवस्था में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। छत्तीसगढ़ अब लीथियम खदान की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ का खनिज राजस्व मात्र 429 करोड़ रुपये था, जो अब रजत जयंती वर्ष (2024-25) तक बढ़कर 14,592 करोड़ रुपये पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक 10,345 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक राज्य सरकार ने 17,000 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। देश के कुल खनिज उत्पादन में छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी 17% है, जबकि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (त्रस्ठक्क) में खनिज क्षेत्र 10% का योगदान दे रहा है। भारत सरकार ने कोरबा जिले के कटघोरा में लीथियम और दुर्लभ खनिजों की नीलामी पूरी कर ली है। लीथियम को भविष्य का ईंधन माना जाता है, और इसकी खदान शुरू होने से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, सुकमा और बस्तर के बेंगपाल, एलिंगनार और कोमाकोलेंग क्षेत्रों में लीथियम, नियोबियम और टेंटेलम जैसे 'क्रिटिकल मिनरल्स' की खोज के लिए प्राइवेट एजेंसियों को प्रोजेक्ट सौंपे गए हैं।

खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत अब तक 16,742 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है। 1.07 लाख से अधिक कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से लगभग 76,000 कार्य पूरे हो चुके हैं।पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र की तर्ज पर 'राज्य छ्रस्ब्न पोर्टल 2.0' लॉन्च किया गया है, जिससे कार्यों की वित्तीय स्वीकृति और निगरानी डिजिटल माध्यम से होगी। प्रधानमंत्री के 'नेशनल क्रिटिकल मिशन' के तहत राज्य में रणनीतिक खनिजों की खोज तेज कर दी गई है। राष्ट्रीय खनिज खोज विकास न्यास में अब तक 1,159 करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं, जिसका उपयोग अत्याधुनिक खोज तकनीकों में किया जा रहा है। सचिव, खनिज संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन पी. दयानंद ने कहा कि 'छत्तीसगढ़ अब क्रिटिकल मिनरल्स की खोज और दोहन में अग्रणी है। लीथियम खदान की नीलामी से हम ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा बनेंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।'

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी ने खोली किसानों की तरक्की की राह

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू की गई प्रभावी कृषि एवं धान खरीदी नीतियों से राज्य के किसान आज केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और पहले से अधिक सशक्त बन रहे हैं। शासन द्वारा सर्वाधिक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी किए जाने से किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य मिल रहा है और उनकी आर्थिक स्थिति में स्थिरता आ रही है।



प्रदेश सहित जिले में धान खरीदी की व्यवस्था को सुगम, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाए जाने से अब किसानों को केवल अपने निकटतम उपार्जन केंद्र पहुंचना होता है, जहां विक्रय तक की पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से पूरी होती है।कोरबा जिले के ग्राम गढ़ उपरोड़ा निवासी कृषक श्री आगर साय पिता श्री बुद्धू सिंह ने सोनपुरी उपार्जन केंद्र में अपनी उपज विक्रय कर इस व्यवस्था का लाभ उठाया। उन्होंने 36 क्विंटल धान का विक्रय किया और बताया कि पूरी प्रक्रिया अत्यंत सरल, पारदर्शी एवं व्यवस्थित है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई, उपार्जन केंद्र में बैठने, पानी एवं सभी सुविधा उपलब्ध है।श्री साय ने कहा कि समय पर भुगतान और सर्वाधिक समर्थन मूल्य मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। सरकार की नीतियों का प्रभाव हर स्तर पर दिखाई दे रहा है। किसान अब अपनी आय से खेती के विस्तार, भूमि क्रय और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा कर पा रहे हैं तथा कर्ज और उससे जुड़ी परेशानियों से भी मुक्ति मिली है।उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा सरकार की योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और खेती आज सम्मानजनक व सुरक्षित आजीविका बन रही है।

## 5100 दीपों से जगमगाया घाट

**कोरबा।** बालकोनगर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ और मकर संक्रांति के अवसर पर 'सरयू अयोध्या महाआरती' का आयोजन किया गया। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल बालको प्रखंड ने श्रीराम मंदिर छठघाट पर यह कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान 5100 दीपों के प्रज्वलन से पूरा घाट जगमगा उठा.

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य हनुमान चालीसा पाठ, 51 यजमानों द्वारा रुद्राभिषेक और 108 पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके बाद दिव्य महाआरती और सतरंगी आतिशबाजी की गई। इस दौरान 'कष्ट निवारण दीपदान' का विशेष अनुष्ठान भी संपन्न हुआ.

इस विशेष अनुष्ठान के लिए बाहर से पंडित बुलाए गए थे, जिन्होंने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। आयोजन में लक्ष्मण, हनुमान जी और सीता मैया के रूप में नाव में विशेष झांकियां बनाई गई थीं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं.

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ और मकर संक्रांति के इस आयोजन को देखने के लिए बालको, कोरबा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। लोगों ने

# कुंआ में गिरे जंगली सुअर व उसके शावकों को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित निकाला

### वनों की सुरक्षा, वन्यप्राणियों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने लगातार कार्यवाही



**कोरबा ।** वनमंडल में वन्यजीव संरक्षण का विशेष प्रयास किया जा रहा हैं, वन परिक्षेत्र करतला में वनों की सुरक्षा, वन्यप्राणियों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है।मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बिलासपुर एवं वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल कोरबा द्वारा वनमण्डल अंतर्गत वनों की सुरक्षा, वन्यप्राणियों के सुरक्षा, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन अवैध शिकार के प्रकरणों को रोकथाम को मुख्य प्राथमिकता दी गई है। ग्रामीणों से प्राप्त सूचना के अनुसार 14 जनवरी को करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत प.स. वृत्त बरपाली के चिकनीपाली परिसर अंतर्गत आने वाले ग्राम चिकनीपाली से लगे कक्ष क्रमांक ओ.ए. 1491 बम्हनीन पहाड़ से 06 नग वन्यप्राणी जंगली सुअर 01 मादा, 02 नर एवं 03 बच्चा परिवार सहित चिकनीपाली बस्ती राजस्व क्षेत्र में बने जलयुक्त कुंआ में गिर गया है। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के वनाधिकारियों को दिया गया। सूचना पाकर वनाधिकारियों द्वारा उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा एवं श्रीमती अर्चना पैकरा, स.व.सं. (प्रशिक्षु) वन परिक्षेत्र अधिकारी करतला के निर्देशानुसार वन विभाग की टीम मौका स्थल पर पहुंची।

मौका पर जाकर देखने से पता चला कि कुंआ में 06 नग वन्यप्राणी जंगली सुअर गिरा हुआ है जो जीवित स्थिति में है जिसका वन विभाग के वनाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से एक-एक कर 06 वन्यप्राणी जंगली सुअरों को रस्सी की सहायता से सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जीवित एवं स्वस्थ स्थिति में जलयुक्त कुंआ से बाहर निकालकर वनाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में उनके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ा गया। जो वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को वन्यप्राणी सुरक्षा संबधी कार्यक्रम जैसे हाथी मानव सह अस्तित्व जागरुकता कार्यक्रम, एंटी स्नेयर वाक, गज संकेत एप्प का उपयोग, जिला प्रशासन के कोटवारों से मुनादी, ग्रामों में व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से, प्रत्येक ग्रामों में वन प्रबंधन समिति के बैठक में चर्चा से, ग्रामों में हाथी ट्रेकिंग दल का गठन कर ग्रामीणों को जागरुक करने से वन्यप्राणियों के सुरक्षा के संबध में ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को सूचित किया गया जिससे सही समय पर वन्यप्राणी जंगली सुअर को सफलतापूर्वक बचाया जा सका। जब भी वन्यप्राणियों से संबधित कुछ भी घटना होती है तो वन विभाग हमेशा सक्रिय रहती है और वन्यप्राणियों के सुरक्षा के लिये तत्पर रहती है।

उक्त 06 नग वन्यप्राणी जंगली सुअर के रेस्क्यू में रघुनाथ सिंह राठिया, वनक्षेत्रपाल, बीरेश कुमार शुक्ला, वनक्षेत्रपाल, प्रतीक तिवारी, बी.एफ.ओ., कपिल कुमार कंवर, बी.एफ.ओ. विजयेन्द्र कुमार नेटी, बी..एफ.ओ. एवं सुरक्षा श्रमिकों उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलवाएं नागरिकों को:महापौर संजूदेवी

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने विद्युत कम्पनी व निगम के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ निगम क्षेत्र के नागरिकबंधुओं को दिलाने हेतु जोनवार शिविर का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर नागरिकों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होने वार्ड पार्षदों से भी अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस जनहितैषी योजना का लाभ लोगों को प्राप्त हों, इस हेतु अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दें, योजना के लाभों से वार्डवासियों को अवगत कराएं तथा उन्हें अपने घरों में योजना के तहत सोलर पैनल लगवाकर इसका लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में निगम के वार्ड पार्षदों व अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजना है, इस योजना का लाभ सभी नागरिकों को मिले तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप आमजन बिजली बिल के भार से मुक्त हों, उन्हें मुफ्त में बिजली मिले, उनके घरों में लगाए गए सोलर पैनल से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली से उन्हें आय भी हों, इस हेतु हम सबका दायित्व है कि हम आमजन को योजना की पूरी जानकारी दें, योजना के लाभों से उन्हें अवगत कराएं तथा योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हों, इस हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। महापौर श्रीमती राजपूत ने बैठक में उपस्थित विद्युत कम्पनी के अधिकारियों व निगम के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस हेतु शीघ्र एक अभियान चलाएं, समुचित कार्ययोजना बनाकर जोनवार शिविरों का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर लोगों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी कोरबा के कार्यपालन अभियंता (शहर) रोशन वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तार से जानकारी वार्ड पार्षदों को उपलब्ध कराई। उन्होने बताया कि योजना के अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगवाए जाने पर केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा सब्सिडी प्रदान करने का प्रावधान रखा गया है, नागरिकगण एक किलोवाट क्षमता पर 45 हजार रूपये, 02 किलोवाट पर 90 हजार रूपये और 03 किलोवाट या अधिक क्षमता पर 01 लाख 08 हजार रूपये तक की सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने बताया कि घरों में स्थापित सोलर पैनल विद्युत वितरण कम्पनी के ग्रिड से कनेक्ट रहेंगे, निश्चित समय पर उत्पन्न बिजली यूनिट व घरों में खपत बिजली यूनिट का कैल्युलेशन होगा तथा खपत के बाद शेष बची अतिरिक्त बिजली यूनिट की कीमत संबंधित उपभोक्ता को प्राप्त होगी, उन्होने बताया कि सोलर पैनल लगाने हेतु बैंक फायनेंस की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

बैठक के दौरान वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी व अन्य पार्षदों द्वारा जानकारी चाहे जाने पर कार्यपालन अभियंता रोशन वर्मा ने बताया कि वार्डो में विद्युत विस्तार, अतिरिक्त खंभों की आवश्यकता आदि के संबंध में समय-समय पर वार्ड पार्षदों व नगर निगम कोरबा द्वारा दिए गए आवेदनों के अनुरूप प्राक्कलन तैयार कर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृत हेतु शासन को प्रेषित किया गया था, जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की जा चुकी है, अब शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर कार्यप्रारंभ किए जाएंगे।

बैठक के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल के साथ ही धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, अजय गोंड़, भानुमति जायसवाल, उर्वशी राठौर, लक्ष्मण श्रीवास, अब्दुल रहमान, चन्द्रलोक सिंह, रामकुमार साहू, सत्येन्द्र दुबे, उपेन्द्र सिंह पटेल, रूबीदेवी सागर, राधा महंत, चैतन सिंह मैत्री, प्रताप सिंह कंवर, चन्द्रकली जायसवाल, प्रभा राठौर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, दिनेश वैष्णव, टीकम राठौर, दीपक यादव, सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े, शिव चंदेल, नरेन्द्र गोस्वामी सहित अन्य पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के नाम पर ठगी

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत आबकारी विभाग में कार्यरत रहे एडीओ के पुत्र को अनुकंपा नौकरी दिलाने के नाम पर ठग लेने का आरोप लगा हैं। आरोप हैं की कुल 5 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने वाले दो लोगों पर जुर्म पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। प्रार्थी सुनील कुर्रे ने जिला पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि पिता बुधराम कुर्रे के वर्ष 2009 में आकस्मिक निधन बाद आबकारी विभाग में आवेदन किया गया, किंतु अनुकंपा नियुक्ति नहीं होने के कारण ग्राम में था। ग्राम पचरी निवासी शिक्षण विभाग में लेखापाल के पद पर नौकरी कर रहे एक व्यक्ति से जान-पहचान हुई तब उसके द्वारा तुम्हारा रुका हुआ काम को पूरा कर दूँगा कहकर कुल 2 लाख रुपये लिया गया।

## राजस्व वसूली पर आयुक्त के कड़े तेवर

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा के बड़े बकायादारों द्वारा यदि तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जाती तो उनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे, साथ ही उनकी सम्पत्ति, भवन व दुकान आदि को सील किया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए करों की कम वसूली पर गहरी नाराजगी जताई तथा जिन बकायादारों द्वारा बकाया कर की राशि जमा नहीं कराई जा रही है, उन पर नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही किए जाने, सम्पत्तियों को सील किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, सम्पत्तिकर अधिकारी अनिरूद्ध सिंह एवं निगम के राजस्व निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा करी। इस दौरान उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त होने वाले राजस्व के वसूली की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा वर्तमान तक की गई कर वसूली एवं बकाया कर राशि की जोनवार, वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्षो की बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष की कर राशि की वसूली में अपेक्षित तेजी लाएं, बकायादारों से सतत संपर्क कर बकाया राशि निगम कोष में जमा करवाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि करदाताओं से निगम को प्राप्त होने वाले राजस्व की प्राप्ति नियमित रूप से हो तथा करों का भुगतान निगम कोष में समय पर किया जाए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बकाया कर राशि की कम वसूली होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर नामों को सार्वजनिक करनें तथा उनकी सम्पत्ति, भवन, दुकान आदि को सील करने की नियमानुसार कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि निगम के बड़े बकायादारों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो निगम में ठेकेदारी करते हैं तथा निगम से लगातार नियमित रूप से भुगतान भी प्राप्त करते हैं, किन्तु उनके द्वारा सम्पत्तिकर व जलकर की राशि को निगम कोष में जमा नहीं कराया जा रहा, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम में ठेकेदारी करने वाले ऐसे लोग जो बकायादार हैं, उनके द्वारा करों का भुगतान निगम को नहीं किया जा रहा है, ऐसे लोगों को निगम की टेण्डर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित करने की कार्यवाही सुनिश्चित

# मेयर ने 291 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र



**कोरबा।** नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम कार्यालय साकेत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 'मोर जमीन-मोर मकान' बी.एल.सी. घटक के 291 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। इस अवसर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पूर्व सभापति व वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, अब्दुल रहमान आदि ने भी हितग्राहियों को आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए। महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा समयसीमा में मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह हितग्राहियों को दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 'मोर जमीन-मोर मकान' बी.एल.सी. घटक अंतर्गत नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 3582 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने 291 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इसके पूर्व 632 हितग्राहियों को आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा हितग्राहियों को प्रदान किए गए थे। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा करोड़ों लोगों को आगे भी पक्के व सर्वसुविधायुक्त मकान मिलेंगे, जिससे देश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा, जिसके पास अपना खुद का पक्का मकान न हों। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ-साथ विशेष रूप से गरीब, निर्धन व आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के उत्थान के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की हैं, इन योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सत्ता की बागडोर संभालते ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी थी, उन्हें साधुवाद है कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि ऐसे हितग्राहियों को दी जा रही है, जिनके द्वारा 18 माह के अंदर भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जावेगा। उन्होने हितग्राहियों से कहा कि आप किसी की बातों से भ्रमित न हो, यदि आपसे कोई रूपये पैसे की मांग करता है और किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी बातों में आए बिना तुरंत अपने वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारियों से संपर्क करें, आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे, आप समय-समय पर अपनी समस्याएं उन्हें अवश्य बताएं।

इस अवसर पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत हितग्राहियों को आवासगृह निर्माण हेतु शासन से 02 लाख 50 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी, जो चार किश्तों में दी जाएगी, प्रथम किश्त में 63 हजार रूपये, द्वितीय किश्त में 87 हजार रूपये, तृतीय किश्त में 65 हजार रूपये एवं चतुर्थ किश्त में 35 हजार रूपये की राशि हितग्राहियों को प्राप्त होगी। उन्होने बताया कि इसके अतिरिक्त 18 माह के अंदर उनके द्वारा आवासगृह का निर्माण पूर्ण कर लेने पर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजनांतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि भी हितग्राहियों को मिलेगी।

इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद एवं निगम के पूर्व सभापति अशोक चावलानी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, पार्षद अब्दुल रहमान, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ के साथ ही सहायक नोडल अधिकारी रूचि साहू, प्रधानमंत्री आवास योजना के सी.एल.टी.सी. हर्ष छत्रवाणी, पी.एम.सी. टीम लीडर शशिकांत साहू, प्रभात धीमर, हनीफ खान आदि के साथ हितग्राहीगण व अन्य लोग उपस्थित ।

## अनमोल वचन......

याद रखें कि आपकी सहमति के बिना कोई भी आपको कमतर महसूस नहीं करा सकता।

## संवैधानिक व्यवस्था दायरे में नहीं

कोलकाता की घटना संघीय ढांचे के चरमराने का संकेत है। संबंधित पक्ष ऐसे विवादों से सड़कों पर निपटने लगें, तो उसका अर्थ है कि बात संवैधानिक व्यवस्था के दायरे में नहीं रह गई है। आखिर इस तरह की नौबत क्यों आई। कोलकाता में आई-पैक के दफ्तर पर प्रवर्तन निदेशालय के छापे का मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सड़क पर उतर कर किया। ऐसा शायद पहली बार हुआ, जब एक केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई के बीच किसी मुख्यमंत्री ने इस तरह का दखल दिया हो। उस घटना के बाद से ममता बनर्जी और उनकी पार्टी ने इसको लेकर एक बड़ा राजनीतिक अभियान छेड़ रखा है। उधर ईडी ने सुप्रीम कोर्ट की पनाह ली है। ईडी का इल्जाम है कि आई-पैक एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों ने हवाला के जरिए अवैध रूप से धन का लेन-देन किया है। जबकि तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि चूंकि आई-पैक को उसने अपने विधानसभा चुनाव अभियान के प्रबंधन का ठेका दिया है और इसलिए उसके पास पार्टी की रणनीति संबंधी आंकड़े हैं, तो उन्हें ही चुराने ईडी वहां गई थी। तृणमूल की शिकायत पर कोलकाता पुलिस ने दस्तावेजों की चोरी का केस दर्ज किया है। उसने उन ईडी तथा केंद्रीय शस्त्र बल के कर्मियों की पहचान शुरू कर दी है, जो आई-पैक के दफ्तर पर गए। तो इस रूप में ये मामला केंद्र और राज्य सरकारों के बीच टकराव में तब्दील हो गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि तृणमूल ने अपनी शिकायत को बयानों या कानूनी चुनौती तक सीमित नहीं रखा। उसकी नेता एवं मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से ईडी के छापे में रुकावट डाली। यह घटना देश के संघीय ढांचे के चरमराने का संकेत है। संबंधित पक्ष ऐसे विवादों से सड़कों पर निपटने लगें, तो उसका अर्थ है कि बात संवैधानिक व्यवस्था के दायरे में नहीं रह गई है। यह गंभीर विचार-विमर्श का विषय है कि ये नौबत क्यों आई। साफ वजह राजनीतिक वर्ग में आपसी भरोसे का टूट जाना है। विपक्षी खेमों में आम धारणा है कि केंद्रीय एजेंसियां सत्ताधारी भाजपा के सियासी मकसद को साधने का औजार बन गई हैं। इस दौर में कानूनों की व्याख्या के क्रम में न्यायपालिका ने भी राजनीतिक परिदृश्य की अनदेखी कर तकनीकी नजरिया अपना रखा है। ऐसे में तृणमूल को सड़क पर मुकाबला करना मुफीद महसूस हुआ होगा। लेकिन लोकतंत्र एवं संघीय व्यवस्था के लिए यह अच्छा संकेत नहीं है।

## राशिफल

**मेष राशि** - लवमेट के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी।

**वृष राशि** - आज आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मजबूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा।

**मिथुन राशि** - आज आपको अपने मेहनत का फल जरूर मिलेगा आज आपका दिन एक नयी उमंग लेकर आयेगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगे।

**कर्क राशि** - आपको आज शुभ सन्देश मिलेगा आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा।

**सिंह राशि** - आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे। ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे।

**कन्या राशि** - तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा।

**तुला राशि** - आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें। स्टूडेंट्स का दिन आज बिजी रहेगा। अपने काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

**वृश्चिक राशि** - आर्थिक स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे। किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे।

**धनु राशि** - उन्नति के कई सुनहरे अवसर आपको मिलेंगे आज आपका दिन लकी रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के अच्छे अवसर जल्द ही मिलेंगे। आज सरकारी नौकरी में चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य और मान-सम्मान का ध्यान जरूर रखें तथा उनके मार्गदर्शन पर अमल करें।

**मकर राशि** - किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। परिवारजनों के साथ घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बनेंगी।

**कुंभ राशि** - लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे।

**मीन राशि** - नया घर खरीद सकते हैं आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें। कुछ समय बच्चों की परेशानियों को सुलझाने के लिए भी अवश्य निकालें।

# अमेरिकी व्यवस्था का कोई तोड़ नहीं

//हरिशंकर व्यास//

**यह तारीफ़ नहीं है। वह सत्यमेव जयते है, जिसका आधार बुद्धि-ज्ञान और सैन्य शक्ति, दोनों के एवरेस्ट की वाह है। अमेरिका ने सन् 2025-26 में दिमाग से कृत्रिम बुद्धि को स्थापित कर जहां मानवता को चमत्कृत किया, वहीं तीन जनवरी 2026 की रात में उसके सैन्य बल ने वेनेजुएला देश के राष्ट्रपति को उठा कर विश्व को चौंकाया। व्यर्थ है इसके लिए डोनाल्ड ट्रंप को 'धुरंधर' बताना। असल सत्य ढाई सौ साल पुराने अमेरिका के उस संविधान, उस व्यवस्था का है, जिसमें असंभव को संभव बनाने का डीएनए व्यक्तिगत स्वतंत्रता के सांचे की धुन में निहित है। यह व्यवस्था की वह बुनावट है, जिसमें हर व्यक्ति असंभव को संभव बनाने के अवसर को खोजता है, लपकता है और उसमें अपने को खपाता है।**

भारत में हम लोग व्यक्तियों, चेहरों यानी राष्ट्रपतियों, नेताओं को ताकते हैं, जबकि धुरंधरी व्यवस्था से बनती है। सिस्टम से उत्प्रेरित व्यक्तिगत मानसिकता, वृत्ति और आचरण से ही फिर अर्थ (पूंजीवाद, नवाचार, तकनीक, वित्तीय धुरी), काम (इच्छा, व्यक्तिगत भोग, उपभोक्तावाद, प्रतिस्पर्धा, जुनून, विलासिता) तथा धर्म की सार्वभौमिक, सेक्युलर समझ पैठती है। निश्चित ही खांटी अमेरिकी लोग परलोक, जन्म-जन्मांतर या मोक्ष-मुक्ति की धारणाओं में नहीं जीते हैं। वे वर्तमान के सत्य में जीते हैं। वहां के नागरिक अंधविश्वासों, टोने-टोटकों, भक्ति और झूठ से लगभग मुक्त हैं। वे अतीत में नहीं, आधुनिकता में आगे बढ़ते जाने के लिए सतत हाथ-पांव मारते हैं।

इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका में भी वही है, जो जॉर्ज डब्ल्यू बुश, बराक ओबामा या राष्ट्रपति आइज़नहावर और उनके विदेश मंत्री जॉन फोस्टर डलेस के डोनरो डॉक्ट्रिन के शक्ति-सूत्र में था। वेनेजुएला के ताज़ा प्रकरण में मुझे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की कद-काठी, भाव-भंगिमा, बड़बोलेपन से बार-बार सद्दाम हुसैन, कर्नल गद्दाफ़ी, ओसामा बिन लादेन, इस्लामिक स्टेट के बग़दादी आदि वे चेहरे याद होते हैं, जो कथित शक्ति, क्रूरता, बर्बरता के सूरमा-भोपाली थे (इतिहास में एक नाम हिटलर भी है)। ये सब किसके शिकार हुए। अमेरिकी सैन्य ऑपरेशनों के। सही है कि इस काम में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपतियों की संख्या अधिक है, मगर डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपतियों ने भी संकोच नहीं किया। राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ट्रंप के ताज़ा 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिज़ॉल्व' की तरह ही 'ऑपरेशन नेप्च्यून स्पीयर' को हरी झंडी दी थी। पाकिस्तान के एबटाबाद में अमेरिका की नेवी सील टीम ने 9/11 हमलों के मास्टरमाइंड ओसामा को 1-2 मई 2011 की रात में मारने के ऑपरेशन को वैसे ही अंजाम दिया, जैसे इस तीन जनवरी की आधी रात को काराकास के राष्ट्रपति भवन में निकोलस मादुरो को दबोचने का सैन्य अभियान हुआ।

सो, ओबामा हों या डोनाल्ड ट्रंप, ये उस अमेरिकी व्यवस्था के प्रतिनिधि हैं, जिसमें ओलंपिक मेडल जीतना सामान्य बात है, तो सिलिकॉन वैली में कृत्रिम बुद्धि (एआई) की रचना का प्रतिमान भी सामान्य है; तो नौसेना की नेवी सील टीम हो या डेल्टा फ़ोर्स या सीआईए, सभी अपनी क्षमताओं का वह जज़्बा लिए होते हैं, जो वेयक्तिक धुन, टीम में पकती है और फिर बस उद्देश्य व कमांड की ज़रूरत होती है।

ऐसे जज़्बे वाले दूसरे देश का नाम इज़राइल है। इज़राइल की वजह यहूदियों का इतिहास-बोध और संकल्प है। इज़राइल ने 1948 में गठन के बाद से व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बूते ही अर्थ, धर्म, काम की मनुष्य-वृत्तियों में नागरिकों और व्यवस्था को ऐसा बनाया है कि प्रधानमंत्री कोई हो, वह ज्ञात ख़तरों के प्रति कभी लापरवाह नहीं होता। इज़राइली व्यवस्था भी चेक-बैलेंस में पाबंद है। नेतन्याहू हों या कोई प्रधानमंत्री, वे संस्थाओं और व्यवस्थाओं की स्वतंत्रता, जीवंतता का गला नहीं घोंटते। तभी ये दो ही देश हैं, जो विश्व राजनीति में बतौर धुरंधर बाकी सभी देशों को ठेंगा दिखाते हैं। ये जो चाहते हैं, वह करते हैं, फिर भले कोई इसे दादागीरी कहे या गुंडागर्दी !सन् 2025 की जनवरी से इस तीन जनवरी की ताज़ा घटना में डोनाल्ड ट्रंप की पहचान मनमर्ज़ी की है। इससे अमेरिकी पहचान बिगड़ी, तो अमेरिका में भी आर-पार की राजनीति के पाले बने हैं। मगर अमेरिका के हित की कसौटी में गौर करें, तो ट्रंप के फैसले अर्थिकी, सैन्य क्षमता, उद्यमशीलता, सामाजिक संरचना, पूंजीवाद आदि, सभी कसौटियों में ठीक ही हैं। भाषा और तौर-तरीकों का फर्क है; अन्यथा राष्ट्रहित में उनके वैश्विक फैसलों (टैरिफ़ जंग, चीन को कसना, यूरोपीय देशों के सुरक्षा-खर्च का बोझ घटाना, अपने से सटे दक्षिण अमेरिकी देशों यानी पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी वर्चस्व की दादागीरी पर क्यों अमेरिका में कोई आपत्ति करेगा। वेनेजुएला के तानाशाह राष्ट्रपति को उठवाने के बाद ट्रंप ने कहा है, अब से पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी वर्चस्व पर फिर कभी सवाल नहीं उठेगा। अमेरिका बहुत लंबे समय से 'मुनरो डॉक्ट्रिन' पर अमल के प्रति लापरवाह था। अब से ऐसा नहीं होगा। ध्यान रहे, 'मुनरो डॉक्ट्रिन' का उद्देश्य लैटिन अमेरिका से विदेशी शक्तियों को बाहर रखना है। मतलब पूंजीवादी अमेरिका को अपने पिछवाड़े या पड़ोस में सोवियत संघ, रूस, वामपंथियों का प्रभाव बर्दाश्त नहीं। इस नीति के कारण उन्नीसवीं सदी में अमेरिका ने पनामा, निकारागुआ, क्यूबा, बोलीविया, चिली, अर्जेंटीना आदि सभी देशों में हस्तक्षेप किया, सरकारें बदलीं, दक्षिणपंथी सरकारें बनवाईं। शीत युद्ध के दौरान क्यूबा पर तो अमेरिका और सोवियत संघ में ज़बरदस्त ठनी थी, जिसके समाधान में सोवियत संघ झुका, उसने क्यूबा से अपनी मिसाइलें हटाईं।

वे दिन वापिस लौट आए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा है कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा, यदि ज़रूरत पड़ी तो ज़मीन पर सैनिक उतार कर भी। वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल-भंडार हैं। उसकी कंपनियां बेहद विशाल संपदा निकालेंगी। अमेरिकी और वेनेजुएलावासी, दोनों की अमीरी बढ़ेगी। इसके साथ ट्रंप ने कोलंबिया और क्यूबा को भी धमकाया है। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो पर कोकीन बनाकर उसे अमेरिका भेजने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि वे अब अपने को बचाएं। विश्व राजनीति में अपने इलाके में अपनी दबंगई की चाह हर महाबली को रही है। इसी कारण रूस के पुतिन ने यूक्रेन में पंगा बनाया। ऐसे ही चीन अपने प्रभाव-क्षेत्र की ज़िद में है। हिसाब से दक्षिण एशिया में भारत का हित भी पड़ोसी देशों पर प्रभाव बनाए रखने से, बाहरी प्रभाव यानी चीन को बाहर रखे रखने में है। मगर भारत की व्यवस्था पोली है, चेहरे ठगने वाले हैं; इसलिए चीन को आंख दिखाने या अपने इलाके में अपने रुतबे की ताक़त ही नहीं है। लालबहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी (दोनों की कमान में दुनिया ने असल सैन्य क्षमता जानी थी) के अपवाद को छोड़, भारत की व्यवस्था और उसके तमाम प्रधानमंत्री या तो रक्षात्मक रहे हैं या जनता को दिखावे, शौर्य के ऑपरेशन बनाते हुए।याद करें युगांडा के हवाईअड्डे से नागरिकों को छुड़वाने के इज़राइली ऑपरेशन को; या अमेरिका के पाकिस्तान में आतंकियों को मारने, ईरान के एटमी ठिकानों पर हमले; या वेनेजुएला के ताज़ा 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिज़ॉल्व' के परिणामों को। और अब ज़रा प्रधानमंत्री मोदी के छप्पन-इंची छाती की कमान में बने ऑपरेशनों पर ध्यान दे। उनके क़िस्से हैं, कहानियां हैं, फ़िल्में हैं, पर परिणाम शून्य। पिछले ग्यारह वर्षों में भारत ने उरी की छावनी में घुसपैठ देखी। वही पुलवामा की आतंकी भयावहता दहलाने वाली थी; तो पहलगाम में हत्याएं नृशंसज मगर इन घटनाओं का एक भी दोषी, आतंकी अपराधी भारत की जेल में नहीं है। जबकि ट्रंप अभी कोकीन सप्लाई के आरोप में वेनेजुएला के राष्ट्रपति को उठवा कर न्यूयॉर्क की अदालत में पेश करने वाले हैं; उधर एटमी ख़तरे में ईरान के एटमी ठिकाने पाताल में धंसा दिए हैं। जबकि भारत की सूरमा एजेंसियों, धुरंधरों का बूता नहीं है जो वे दाऊद इब्राहिम को दबोचें या भारत में ख़ौफ़नाक घटनाओं के ज़िम्मेदार आतंकी, मौलाना मसूद अज़हर, हाफ़िज़ सईद, लख़वी, कासकर को पाकिस्तान से उठा कर जेल में डालें।बहरहाल, अमेरिका की एजेंसियां व संस्थाएं ठोस हैं, तो नतीजे भी असल और ठोस होंगे। वेनेजुएला के ऑपरेशन की गूंज चीन-रूस को भी हैसियत बताने वाली है। दोनों देशों के हाथ-पांव फूलेंगे। वेनेजुएला का राष्ट्रपति रूस के भरोसे था; सो, फिर साबित है कि रूस या चीन में वह क्षमता ही नहीं कि किसी के लिए वे अमेरिका से भिड़ें। चीन आज बैटरी यानी ईवी वाहनों के उत्पादनों से वैश्विक बाज़ार में जो डंका बजाए हुए है, उस पर संकट आ सकता है। इसका अधिकांश कच्चा माल, लिथियम, निकल, कोबाल्ट, ग्रेफाइट–दक्षिण अमेरिका की खदानों से (चिली, अर्जेंटीना और बोलीविया के 'लिथियम ट्रायंगल' व ब्राज़ील की 'लिथियम वैली') मिलता है। सो, असंभव नहीं कि ट्रंप प्रशासन अपने रुतबे में चीन की सप्लाई रुकवाए। अमेरिकी विदेश-रक्षा नीति में 'मुनरो डॉक्ट्रिन' पर अमल का संकल्प ठोस हुआ, तो सर्वाधिक प्रभावित चीन होगा।दक्षिण अमेरिका को चीन ने चुपचाप लपेटे में लिया है। ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला, ब्रिक्स के ज़रिए चीन से जो नाता बनाए हुए हैं, वह ट्रंप प्रशासन को खटक रहा है। तभी 2026 में कोलंबिया, क्यूबा के बाद ब्राज़ील भी ट्रंप प्रशासन के निशाने में होगा। उधर ट्रंप ने ईरान के अयातुल्ला शासन को धमकी दी है कि वे अपने प्रदर्शनकारियों पर गोली न चलाएं; अन्यथा अमेरिका चूकेगा नहीं। मेरा मानना है कि इज़राइल तथा खाड़ी-अरब के सुन्नी-बहुल देश–सभी मिलकर–शिया ईरान पर ट्रंप प्रशासन से कार्रवाई चाहते होंगे।ईरान भी रूस-चीन पर आश्रित है; तो वेनेजुएला की तरह यदि ईरान का अमेरिका ने टेकओवर किया, तो विश्व राजनीति में अकल्पनीय धमाल होगा। उससे पाकिस्तान, भारत, रूस, दक्षिण एशिया–सब प्रभावित होंगे। इसलिए 2026 की शुरुआत असाधारण है। वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन पर दुनिया चाहे जो कहे, हल्ला करे–पर ट्रंप रुकने वाले नहीं हैं। पिछले वर्ष उन्होंने व्यापार-अर्थिकी के मोर्चे पर दुनिया को घायल किया; तो इस वर्ष वे सामरिक-भूराजनीतिक मोर्चे में हैरान-परेशान करने वाले हैं। नोट रखिए–कोई कुछ नहीं कर सकता। इसलिए क्योंकि अमेरिकी व्यवस्था का कोई तोड़ नहीं है।

# नवाचार, समावेशन और भारत की प्रगति को गति देते हैं स्टार्टअप

//पीयूष गोयल//

**स्टार्टअप इंडिया पहल पूरे देश में एक समग्र और नई सोच वाले इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुई है। यह युवाओं की उद्यमशील ऊर्जा को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को तेज करने की दिशा में लगाकर, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को साकार करने का मार्ग तैयार कर रही है। भारत में आज दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक मौजूद है। आज उद्यमिता एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुकी है, जो भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दे रही है और विकास व रोजगार सृजन का नया इंजन बन रही है।**

यह परिवर्तन रातोंरात नहीं हुआ। जब प्रधानमंत्री ने 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया की घोषणा की, तब उन्होंने एक स्पष्ट और महत्वाकांक्षी दृष्टि रखी कि उद्यमिता देश के हर जिले और हर ब्लॉक तक पहुंचे।

16 जनवरी 2016 को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से शुरू किए जाने के बाद से स्टार्टअप इंडिया ने लंबा सफर तय किया है। स्टार्टअप देश की अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नई ऊर्जा भर रहे हैं। आईटी सेवाएं, स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान, शिक्षा, कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं। इसके अलावा, जलवायु तकनीक और अवसंरचना सहित 50 से अधिक अन्य उद्योगों में भी नए उद्यम सामने आए हैं। यह व्यापकता विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और मजबूती को दर्शाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

नवाचार और एआई- पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव नवाचार और गहन तकनीक पर बढ़ते ध्यान के रूप में देखा गया है। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंक 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर पिछले वर्ष 38वें स्थान पर पहुँच गई है, और गहन तकनीक से जुड़े स्टार्टअप्स को सरकार का समर्थन इसे आगे और बेहतर करेगा। प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया पहल के आधार पर एआई स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है।गहन तकनीक वाला राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की गई है, तथा इंडिया एआई मिशन और रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना की शुरुआत की गई है। भारत के स्टार्टअप एयरोनॉटिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा, रोबोटिक्स, हरित तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भी नवाचार कर रहे हैं। बौद्धिक संपदा के निर्माण में तेज़ वृद्धि इस प्रवृत्ति को और मजबूत करती है। भारतीय स्टार्टअप्स ने 16,400 से अधिक नए पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं, जो मौलिक नवाचार, दीर्घकालिक मूल्य सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर बढ़ते फोकस को दर्शाता है।अखिल भारतीय विकास उद्यमिता को देशभर में मिल रहा समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्ष 2016 में केवल चार राज्यों में स्टार्टअप नीतियां थीं, जबकि आज भारत के 30 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष स्टार्टअप ढांचे मौजूद हैं। अब हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जो संस्थागत समर्थन की मजबूती और जमीनी स्तर की भागीदारी को दर्शाता है। अब तक 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता दी जा चुकी है, जो नीति-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के एक दशक के सतत विकास को दर्शाता है। केवल 2025 में ही 49,400 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता मिली, जो स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के बाद सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है। समावेशन इस पूरी यात्रा की एक मजबूत आधारशिला रहा है। महिला नेतृत्व वाले उद्यम एक बड़ी ताकत बनकर उभरे हैं, जहां 45 प्रतिशत से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक है। इसके अलावा, लगभग आधे स्टार्टअप गैर-मेट्रो शहरों में स्थित हैं, जो नवाचार और रोजगार के नए केंद्र के रूप में टियर-2 और टियर-3 शहरों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। लोकल से ग्लोबल- जैसे-जैसे भारतीय स्टार्टअप्स का विस्तार हो रहा है, पूरी दुनिया उनके लिए बाज़ार बनती जा रही है। वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप इंडिया ने मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाई हैं। अब 21 अंतरराष्ट्रीय ब्रिज और 2 रणनीतिक गठबंधन मौजूद हैं, जो यूके, जापान, दक्षिण कोरिया, स्वीडन और इज़राइल सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बाज़ार तक पहुंच, सहयोग और विस्तार को आसान बनाते हैं। इन पहलों से अब तक 850 से अधिक स्टार्टअप्स लाभान्वित हो चुके हैं।स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, न्यूज़ीलैंड और इज़राइल की मेरी हालिया यात्राओं में स्टार्टअप्स भारत के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों का अहम हिस्सा रहे। इन प्रयासों ने वैश्विक मंच पर भारतीय नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर दिया, साथ ही हमारे उद्यमियों को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की नवाचार और व्यापारिक कार्यप्रणालियों से परिचित कराया। सुधार और बाज़ार तक पहुंच। इस विकास को संभव बनाने में कारोबार करने में आसानी सुधारना एक मुख्य आधार रहा है। पात्र स्टार्टअप अपने पहले दस वर्षों में से किसी भी तीन लगातार वर्षों के लिए कर अवकाश का लाभ ले सकते हैं। अब तक 4,100 से अधिक स्टार्टअप्स को इसके लिए पात्रता प्रमाणपत्र मिल चुके हैं।60 से अधिक नियामकीय सुधारों के माध्यम से अनुपालन का बोझ कम किया गया है, पूंजी जुटाने को आसान बनाया गया है और घरेलू संस्थागत निवेश को मजबूत किया गया है। एंजेल टैक्स को समाप्त करने और वैकल्पिक निवेश कोषों (एटीएफ) के लिए दीर्घकालिक पूंजी के रास्ते खोलने से स्टार्टअप फंडिंग का पारिस्थितिकी तंत्र और सशक्त हुआ है। बाज़ार तक पहुंच को प्राथमिकता दी गई है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जैम) के माध्यम से 35,700 से अधिक स्टार्टअप्स को जोड़ा गया है, जिन्हें 51,200 करोड़ से अधिक मूल्य के पांच लाख से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। इन प्रयासों के साथ मजबूत वित्तीय सहयोग भी दिया गया है। स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना के तहत वैकल्पिक निवेश कोषों के जरिए 25,500 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है, जिससे 1,300 से अधिक उद्यमों को लाभ मिला है। इसके अलावा, स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत 800 करोड़ से अधिक के बिना जमानत ऋण की गारंटी दी गई है।

## तस्वीरों की दुनिया



मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने 15 जनवरी 2026 को दिल्ली कैंट में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) का अवलोकन किया।



प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 15 जनवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित मौसम भवन में भारत मौसम विज्ञान विभाग के 151वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में शिरकत की।



कैप्टन पुखराज कौशिक 78वें सेना दिवस परेड के दौरान, जयपुर में महल रोड पर ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम के साथ।



जयपुर में महल रोड पर 78वें सेना दिवस परेड समारोह के दौरान भारतीय सेना की एक टुकड़ी मार्च करती हुई।



शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे अपनी पत्नी रश्मि ठाकरे और बेटों आदित्य ठाकरे और तेजस ठाकरे के साथ, मुंबई, महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के दौरान एक पोलिंग स्टेशन पर वोट डालने के बाद।



पटना में बीजेपी ऑफिस में मकर संक्रांति पर आयोजित पारंपरिक दही चूड़ा भोज के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन (बाएं) और केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान।

# अमेरिका में इमिग्रेशन एजेंट की कार्रवाई जारी, एक और शख्स को मारी गोली



**मिनियापोलिस, 16 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिका में इमिग्रेशन एजेंटों की ओर से कार्रवाई जारी है। इसका लगातार विरोध भी हो रहा है। मिनियापोलिस में बुधवार को एक शख्स की गिरफ्तारी के दौरान अधिकारी ने उसके पैर में गोली मार दी।आरोप है कि उसने फावड़े और झाड़ू के डंडे से हमला बोला था। यह गोलीबारी उस स्थान से 7.2 किलोमीटर उत्तर में हुई, जहां सात जनवरी को एक इमिग्रेशन एजेंट ने रेनी गुड की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिनेसोटा में सैन्य बलों की तैनाती के लिए विद्रोह अधिनियम लागू करने की धमकी दी। यह धमकी मिनियापोलिस की सड़कों पर आव्रजन एजेंटों की संख्या में अचानक वृद्धि के विरोध में कई दिनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शनों के बाद दी गई है। आठ दिन पहले मिनियापोलिस में एक आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंट द्वारा अमेरिकी नागरिक रेनी गुड की कार में गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से निवासियों और संघीय अधिकारियों के बीच टकराव और भी तनावपूर्ण हो गया है, और ये प्रदर्शन अन्य शहरों में भी फैल गए हैं।ट्रंप की यह नवीनतम धमकी मिनियापोलिस में एक आव्रजन अधिकारी द्वारा एक वेनेजुएला के व्यक्ति को गोली मारने के कुछ घंटों बाद आई है। नई घटना के बाद गोलीबारी वाले स्थल पर बुधवार की रात प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने इमिग्रेशन एजेंटों पर पत्थर फेंके और पटाखे चलाए।संघीय अधिकारियों ने भीड़ पर आंसू गैस और ग्रेनेड दागे। मिनियापोलिस की सड़कों पर इस तरह का विरोध प्रदर्शन आम हो गए हैं। लोग अधिकारियों से जाने की मांग कर रहे हैं। मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे ने इस स्थिति को असहनीय बताया है। गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने कहा कि संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने वेनेजुएला के एक व्यक्ति को रोका जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा था। वह भागने लगा। आरोप है कि पास के एक अपार्टमेंट से दो अन्य लोग उसकी मदद को आए और तीनों ने अधिकारी पर हमला कर दिया। अपनी जान और सुरक्षा को खतरे में देखते हुए अधिकारी ने बचाव में गोली चलाई। डीएचएस ने बताया कि अपार्टमेंट से बाहर आए दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। गौरतलब है कि इमिग्रेशन एजेंट ने रेनी गुड की हत्या के बाद भी कुछ इसी तरह के तर्क दिए थे।

## अमेरिका में भारतीय मूल की महिला पर अपने दो मासूम बेटों की हत्या का आरोप

**न्यू जर्सी 16 जनवरी।** अमेरिका के न्यू जर्सी से सामने आई एक खौफनाक वारदात ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया है। भारतीय मूल की 35 वर्षीय महिला प्रियथर्सिनी नटराजन को अपने ही पांच और सात वर्षीय मासूम बेटों की निर्मम हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।मंगलवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बच्चों के पिता काम से घर लौटे। घर का दरवाजा खुलते ही सामने का दृश्य रूह कंपा देने वाला था। बेडरूम में दोनों बच्चे बेसुध पड़े थे। घबराए पिता ने तुरंत 911 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी और कहा मेरी पत्नी ने बच्चों को कुछ कर दिया है। कुछ ही मिनटों में पुलिस मौके पर पहुंची। घर के भीतर मौजूद महिला प्रियथर्सिनी नटराजन को हिरासत में लिया गया।

## दूषित पानी का कहर जारी जीबीएस से दो बच्चों की मौत

**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले के मनासा कस्बे में दो बच्चों की मौत के बाद जीबीएस (गिलियन बार्रे सिंड्रोम) से दहशत है। नगर परिषद अध्यक्ष डा. सीमा तिवारी के अनुसार, अब तक जीबीएस के 11 मामले सामने आ चुके हैं, दो की मौत हो चुकी है। नौ रोगियों का इलाज मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के अस्पतालों में चल रहा है। अधिकांश की सेहत में सुधार है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर सर्वे कर पीड़ितों का पता लगा रही हैं। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शासकीय मेडिकल कालेज नीमच के पांच डॉक्टरों की टीम मनासा भेजी है। भोपाल से भी स्वास्थ्य विभाग की टीम बुलाई गई है, लेकिन अब तक बीमारी की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई। प्रभारी सीएमओ रविश कादरी ने सभी वार्डों से पानी के सैंपल लेकर जांच कराई है। वहीं, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कहा कि सात रोगियों में से दो पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं। दो आइसीयू में हैं और बाकी तीन भी रिकवर हो रहे हैं। उम्मीद है स्थिति जल्द सामान्य होगी।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में 14,400 करोड़ का घोटाला!

## RJD ने लगाया बड़ा आरोप, हाईकोर्ट जांच की मांग



**पटना, 16 जनवरी [एजेंसी]।**

राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने नौकरी-रोजगार देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में बड़े पैमाने पर घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने हाई कोर्ट की निगरानी में इसकी उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है।इस योजना में 1.32 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 14,400 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। कैग की रिपोर्ट के अनुसार, योजना में नामांकित 95 लाख युवाओं में 90 लाख का कोई विवरण हीं नहीं है। पांच लाख नाम फर्जी पाए गए। 70 प्रतिशत अभ्यर्थी प्रशिक्षण के योग्य ही नही थे। जिन कंपनियों में नौकरियां दी गईं, वे फर्जी और कागजी हैं। आरोप है कि नामांकन, प्रशिक्षण, प्रमाणन से प्लेसमेंट तक फर्जीवाड़ा का लंबा खेल हुआ है। बिहार में भी 6.33 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किए जाने का दावा है। अधिसंख्य का प्लेसमेंट भी हो गया। ऐसे ही फर्जी प्रशिक्षण-प्लेसमेंट के आधार पर एनडीए सरकार 50 लाख युवाओं को नौकरी-रोजगार देने का दावा कर रही। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने गुरुवार को परिषद की पांच समितियों का पुनर्गठन किया गया है। पांच में चार का अध्यक्ष पद भाजपा के सदस्यों को मिला है। भाकपा माले की शशि यादव को प्रकाशन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।भाजपा के सुनील चौधरी को वित्तीय प्रबंधन एवं आंतरिक संसाधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। घनश्याम ठाकुर दिव्यांग जन कल्याण समिति और पूर्व मंत्री हरि सहनी अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। राजीव कुमार ऊर्फ गप्पू बाबू को कारा सुधार समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

## इंदौर में दूषित जल संकट: कोर्ट में मुख्य सचिव ने स्वीकारीं 15 मौतें, अब तक 23 लोगों के गई जान

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों को स्वीकारने में शासन अब भी टालमटोल कर रहा है। दूषित पानी कांड को लेकर हाई कोर्ट में चल रही पांच जनहित याचिकाओं में गुरुवार को एक साथ सुनवाई हुई।इस दौरान शासन ने स्वीकार किया कि दूषित पानी से 15 मौतें हुईं, जबकि छह लोगों की जान अन्य बीमारियों से गई। कोर्ट के आदेश पर मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए।उन्होंने यह तो स्वीकारा कि दूषित पानी से मौतें हुई हैं, लेकिन कितने लोगों की जान गई, इस सवाल पर वह उलझ गए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि आप कितनी मौतें मान रहे हैं। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 23 मौतें हो चुकी हैं, लेकिन शासन- प्रशासन यह बात स्वीकार नहीं कर रहा है।इस पर सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि गुरुवार सुबह रिपोर्ट पेश कर दी है। इसमें 21 मौतों की बात स्वीकारी गई है। 15 व्यक्तियों की मौत दूषित पानी से हुई है। शेष छह की मौत अन्य बीमारियों से हुई है।गुरुवार को हाई कोर्ट में करीब आधा घंटा सुनवाई चली। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कोर्ट को बताया कि 31 दिसंबर और छह जनवरी को दिए गए आदेशों का पालन हो रहा है। भागीरथपुरा के नागरिकों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में दूषित पानी के स्त्रोतों को तलाश कर बंद किया जा रहा है। पानी की लाइनें बदलने के लिए हाल ही में एक ठेका दिया गया है। दो ठेके पूर्व में दिए जा चुके हैं। पीड़ितों को निश्शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 51 बोरिंग मिले हैं, जिनका पानी दूषित पाया गया है। इन्हें बंद करा दिया गया है।

# ईरान में भारतीय इंजीनियर केतन मेहता गिरफ्तार परिवार ने सरकार से लगाई मदद की गुहार



**साहिबाबाद, 16 जनवरी [एजेंसी]।**

ईरान में सरकार के खिलाफ चल रहे जनता के विद्रोह व उसके बाद अमेरिका द्वारा हमले की धमकी के बाद लोग दहशत में हैं। अमेरिका ने भी अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने के लिए बोल दिया है। इसके साथ ही भारत भी अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए लगा हुआ है। इसी बीच जानकारी के अनुसार ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड ने एल्सियान वेब मरीन कंपनी के एमटी ग्लोबल ऐस जहाज को कब्जे में लेकर उसमें सवार 16 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसी जहाज पर साहिबाबाद की डीएलएफ कॉलोनी निवासी रैंक थर्ड इंजीनियर केतन मेहता भी थे। जानकारी लगने के बाद स्वजन दहशत में हैं।

माता-पिता का रो रोकर बुरा हाल है।उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है कि उनके बेटे को ईरान से सकुशल भारत लाया जाए। पिता ने बताया कि उनका बेटा दुबई की एक फर्म में थर्ड इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। वह दुबई से ईरान गया था। उनकी बेटे से 31 दिसंबर को बात हुई थी। छह जनवरी को उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया कि बेटे केतन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके बाद से कई बार बेटे को फोन किया गया, लेकिन उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। हम जानना चाह रहे हैं कि बेटे को किस जुर्म में गिरफ्तार किया गया है और वह कहां पर है। हमारी एक बार बेटे से बात करा दो। सरकार से विनती है कि बेटे को सकुशल घर पहुंचा दें।

# विवाह कायम रहते अन्य पुरुष से जन्मे बच्चे कानूनन पहले पति की ही संतान, हाई कोर्ट का अहम फैसला



**बिलासपुर।** पितृत्व निर्धारण के मामले में छत्तीसगढ़ में बिलासपुर हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की बेंच ने स्पष्ट किया कि विवाह कायम रहते हुए अन्य पुरुष से जन्मे बच्चे कानूनन पहले पति की ही संतान माने जाएंगे, भले ही उक्त अन्य पुरुष उन बच्चों को अपनी संतान स्वीकार करे और महिला के साथ लिव-इन में रहे।दो महिलाओं ने खुद को बिलासपुर के एक प्रतिष्ठित कारोबारी की बेटियां बताते हुए उन्हें वैध संतान घोषित करने की मांग फैमिली कोर्ट में की थी। ऐसा उन्होंने कारोबारी की संपत्ति में हक पाने के लिए किया था। फैमिली कोर्ट में दायर याचिका में बताया कि उनकी मां का 1971 में कारोबारी के साथ वरमाला विवाह हुआ था, जिसके बाद उनका जन्म हुआ। बेटियों ने कहा कि उनकी मां का पहला पति 1984 में घर छोड़कर चला गया और तब से उनका कोई पता नहीं है।उन्होंने अदालत में यह भी कहा कि मां के दूसरे पति और कारोबारी पिता ने उन्हें हमेशा बेटियों की तरह माना और स्वीकार किया। कारोबारी ने भी अदालत में इस बात को स्वीकार किया था, लेकिन कारोबारी के स्वजन ने इस निर्णय के विरोध में थे। कोर्ट ट्रायल के बीच व्यापारी का निधन हो गया था।फैमिली कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दूसरे पति द्वारा संतान के रूप में स्वीकारोक्ति के बयान से कानूनी व्यवस्थाओं और प्रविधानों को नकारा नहीं जा सकता।लिव-इन के दौरान अन्य पुरुष से बच्चे के जन्म को साबित करने के लिए नॉन-एक्सेस यानी पति-पत्नी के बीच शारीरिक संबंध न बनने की बात को चिकित्सकीय प्रमाण के साथ पेश नहीं किया जा सका और न ही पिता की मृत्यु का कोई प्रमाण प्रस्तुत किया गया।इससे स्पष्ट हुआ कि विवाह कानूनी रूप से समाप्त नहीं हुआ था। ऐसे में हिंदू विवाह अधिनियम की धारा पांच और 11 के तहत दूसरा विवाह शून्य माना जाएगा। फैमिली कोर्ट के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए युगल पीठ ने फैमिली कोर्ट के फैसले को कायम रखा।

## भारत के 75 फीसदी उच्च शिक्षा संस्थान उद्योग से जुड़ने के लिए अभी तैयार नहीं, रिपोर्ट में बड़ा दावा

**मुंबई।** एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हाल के वर्षों में रोजगार पर जोर के बावजूद उच्च शिक्षा संस्थानों का बड़ा प्रतिशत अब भी उद्योग के लिए तैयार नहीं है और अपने पाठ्यक्रमों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पूरी तरह से ढालने में असफल है। टीमलीज एजटेक की रिपोर्ट के अनुसार, 75 प्रतिशत उच्च शिक्षा संस्थान अब भी उद्योग के लिए तैयार नहीं हैं। केवल 16.67 प्रतिशत संस्थान स्नातक होने के छह महीने के भीतर 76-100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर प्राप्त कर पाए हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता सबसे बड़ी संरचनात्मक बाधा है, क्योंकि सिर्फ 8.6 प्रतिशत संस्थानों ने कार्यक्रमों को पूर्ण रूप से उद्योग के अनुरूप ढालने की सूचना दी, जबकि 16.9 प्रतिशत ने चुनिंदा पाठ्यक्रमों में आंशिक बदलाव की सूचना दी।

# बौद्ध पर्यटन सर्किट से जुड़ेगा ओडिशा, रत्नागिरि-ललितगिरि-उदयगिरि-धौली स्थलों पर आधुनिक शोध के योजना की तैयारी

**भुवनेश्वर। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के माध्यम से बौद्ध पर्यटन के विकास के साथ-साथ शांति और करुणा का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाया जा सकता है। ओडिशा की धरती सदैव आध्यात्मिकता के मार्ग पर अग्रसर रही है। रत्नागिरि, ललितगिरि, उदयगिरि, जिरांग, धौली जैसे बौद्ध धरोहर स्थलों के समग्र विकास, विरासत संरक्षण तथा इतिहास से जुड़ी आधुनिक शोध के लिए राज्य सरकार व्यापक योजनाएं तैयार कर रही है।**

यह बात उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री प्रभाती परिड़ा ने कही। जाजपुर जिले के बड़चणा ब्लॉक अंतर्गत उदयगिरि में आयोजित छह दिवसीय द्वितीय गुरु पद्मसम्भव प्रार्थना समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ओडिशा की समृद्ध



बौद्ध संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सरकार ने 'लाइट ऑफ बुद्ध फाउंडेशन' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बौद्ध धर्म के विकास के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन के साथ ओडिशा को भारत के बौद्ध पर्यटन सर्किट से जोड़ने पर राज्य सरकार विशेष जोर दे रही है। साथ ही जिरांग महाविहार के विकास के लिए भी कदम उठाए गए हैं। सम्मानित अतिथि एवं ओडिया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग के मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने कहा कि गुरु पद्मसम्भव का जन्म ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में हुआ था और उन्होंने उदयगिरि में ही महापरिनिर्वाण प्राप्त किया था। गुरु पद्मसम्भव और बौद्ध तंत्रयान से संबंधित प्रमाणों तथा छिपे तथ्यों को जनसमक्ष लाने के लिए उन्होंने उपस्थित विशेषज्ञ शोधकर्ताओं की सराहना की। अन्य अतिथियों में बड़चणा विधायक अमर कुमार नायक, पर्यटन विभाग के निदेशक दीपंकर महापात्र, जिलाधिकारी अंबर कुमार कर, जिरांग के बौद्ध गुरु जिग्मे रिंगपोछे, लाइट ऑफ बुद्ध फाउंडेशन की प्रमुख वांगमो डिक्से सहित अन्य गणमान्य लोग मंचासीन थे।16 जनवरी तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में देश-विदेश से लगभग 1700 से अधिक बौद्ध धर्मावलंबी, गुरु और पर्यटक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर अतिथियों ने उदयगिरि स्मारिका तथा बौद्ध विरासत से संबंधित पुस्तकों का विमोचन किया।

साथ ही ओडिशा और गुरु पद्मसम्भव के इतिहास पर एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया।इस परिचर्चा में लाइट ऑफ बुद्ध फाउंडेशन के रिचर्ड डिक्से, पुरातत्वविद् डॉ. फ्रेडरिक मरुनवाल, विशिष्ट शोधकर्ता प्रबीर पटनायक, शोधकर्ता डॉ. अनीता साबत, प्रोफेसर राहुल रविराव, लामा तेंजिन साम्फेल ने भाग लिया। इसके अलावा प्रोफेसर पूर्णचंद्र मल्लिक, डॉ. सुब्रत कुमार पृष्टि, संस्कृति विभाग की उपनिदेशक देबयानी भुइयां, ओटीडीसी के जीएम धर्मेंद्र मल्लिक, अतिरिक्त जिलाधिकारी युधिष्ठिर नायक, मुख्य विकास अधिकारी देबीप्रसाद महांति, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कामिनीरंजन पटनायक तथा पर्यटन अधिकारी तापस कुमार साहू भी उपस्थित थे।

# 2027 के कुंभ मेले को देखते हुए प्लेटफार्म का हुआ चौड़ीकरण

## यात्री भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा में होगा सुधार



**गाजियाबाद, 16 जनवरी [एजेंसी]।**

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की लगातार बढ़ती भीड़ और आगामी 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले के देखते हुए प्लेटफार्म का चौड़ीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। इससे यात्रियों को प्लेटफार्म बैठने और खड़े होने के लिए प्रर्याप्त स्थान मिलेगा। प्लेटफॉर्म संख्या 5/6 और 3/4 को चौड़ा किया गया है। प्लेटफार्म 5/6 के मध्य भाग में लगभग चार मीटर और आखिरी हिस्से में करीब 1.5 मीटर की चौड़ाई बढ़ाई गई है। वहीं, प्लेटफार्म 3/4 के मध्य भाग में लगभग चार मीटर और अंतिम हिस्से में करीब दो मीटर की चौड़ाई बढ़ाई गई है। अमूमन त्योहार और पीक अवर्स में स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ अधिक रहती है। पूर्व में प्लेटफार्म क्षेत्रफल छोटा होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले में गाजियाबाद से बड़ी संख्या में लोग ट्रेन में यात्रा करेंगे।भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे द्वारा होल्डिंग एरिया भी बनाया जा सकता है। पूर्व में जगह कम होने पर कुछ यात्रियों को सीढ़ी या फिर फुट ओवर ब्रिज पर बैठना या खड़ा रहना पड़ रहा था। प्लेटफार्म के चौड़ीकरण से यात्रियों की आवाजाही आसान बनेगी और यात्रियों की सुरक्षा में सुधार होगा। महाकुंभ के देखते हुए रेलवे की नकनीकी टीम ने निर्माणाधीन स्टेशन का निरीक्षण किया है। जिससे उन कार्यों को पहले कराया जा सके जो जरूरी है। जिससे लोगों को कुंभ मेले में फायदा मिल सके।

# राजस्थान से 50 लाख चुराकर भागा बांका से 52.50 लाख रुपए बरामद



**बांका, 16 जनवरी [एजेंसी]।**

राजस्थान के जयपुर में एक सेठ के घर हुई 50 लाख रुपये की चोरी के मामले में जयपुर पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बेलहर थाना क्षेत्र के देवनडीह गांव से आरोपित मंटू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित देवनडीह गांव निवासी चोर राजेंद्र ठाकुर का पुत्र बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कुल 52 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इसमें से 25 लाख रुपये बेलहर बाजार स्थित उसके घर से और 27 लाख 50 हजार रुपये देवनडीह गांव स्थित पैतृक मकान से मिले हैं। पुलिस ने कहा बरामद दो लाख की राशि गिरफ्तार चोर की हो सकती है। एसपी उपेन्द्रनाथ वर्मा ने कहा कि गिरफ्तार चोर को न्यायालय के आदेश से जयपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जयपुर पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई महज तीन दिनों के भीतर की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यदि छापेमारी में कुछ घंटे की भी देरी होती तो आरोपित चोरी की पूरी रकम को कहीं और ठिकाने लगा सकता था। बरामद राशि ट्रंक में छिपाकर रखी गई थी। जानकारी के अनुसार आरोपित मंटू ठाकुर करीब 15 वर्ष की उम्र में रोजी-रोटी की तलाश में जयपुर चला गया था। वहां बजाजनगर थाना क्षेत्र निवासी सेठ नितिन फतेहपुरिया के घर वह आठ से दस हजार रुपये मासिक वेतन पर खाना बनाने का काम करता था।

धीरे-धीरे वह सेठ का विश्वसनीय नौकर बन गया। इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने सेठ के घर से 50 लाख रुपये चोरी कर लिए।गिरफ्तारी के बाद यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। एक मामूली घरेलू नौकर के पास इतनी बड़ी रकम और संपत्ति कैसे आई, इसे लेकर गांव से लेकर बेलहर बाजार तक तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बताया जाता है कि आरोपित ने बेलहर बाजार में 20 से 30 लाख रुपये प्रति कट्ठा की दर से पांच कीमती भूखंड खरीदे हैं, जिनकी कुल कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। इसके अलावा उसने देवनडीह गांव में पक्का मकान भी बनवाया है। सूत्रों के मुताबिक एक साल पूर्व जयपुर पुलिस के साथ एक महिला भी गांव आई थी, जिसने खुद को आरोपित की दूसरी पत्नी बताया था। मंटू ठाकुर तीन भाइयों में मंझला है। उसका बड़ा भाई गांव में रहकर मजदूरी करता है, जबकि छोटा भाई जयपुर के एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर है।बेलहर थानाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने बताया कि जयपुर के बजाजनगर थाना में 12 जनवरी को सेठ नितिन फतेहपुरिया ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मोबाइल लोकेशन और पते के आधार पर जयपुर पुलिस की टीम, जिसमें कांस्टेबल शंकर सिंह, श्रीनाहर सिंह और श्रीरामवतार सिंह शामिल थे, ने यहां पहुंचकर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपित को आगे की कार्रवाई के लिए जयपुर ले जाया जा रहा है।

# अमेरिका से तनाव के बीच ईरान ने बंद किया एयरस्पेस एअर इंडिया और इंडिगो ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

**नई दिल्ली 16 जनवरी।** ईरान में बिगड़ते हालातों का असर हवाई उड़ानों पर भी देखने को मिलने लगा है। ईरान ने सभी के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। इसी बीच एयर इंडिया और इंडिगो समेत कई बड़ी एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी की है।एयरलाइंस का कहना है कि ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उस रूट के ज्यादातर विमानों को दूसरे रास्ते से होकर जाना पड़ रहा है, जिससे उड़ानों में देरी की संभावना है। वहीं, कुछ उड़ाने रद भी कर दी गई हैं। एयर इंडिया ने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, ईरान में बन रहे हालात के कारण एयर स्पेस बंद कर दिया गया है। हमारे लिए यात्रियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। एयर इंडिया की फ्लाइट्स दूसरे रूट से उड़ान भर रही हैं, जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। कुछ उड़ानों के रूट बदलना संभव नहीं है। ऐसे में उन्हें रद कर दिया गया है। हम यात्रियों से अनुरोध करते हैं कि एयरपोर्ट आने से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी फ्लाइट की स्थिति जरूर चेक कर लें।इंडिगो ने भी यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि ईरान का हवाई क्षेत्र बंद होने से कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इस स्थिति पर एयरलाइंस का नियत्रण नहीं है। इसलिए यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।ईरान में भड़की हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

# बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी में बढ़ाई गई एसआईआर की अंतिम तारीख, अब ये है नया शेड्यूल

**नईदिल्ली, 16 जनवरी [एजेंसी]।**

भारत निर्वाचन आयोग ने गोवा, लक्षद्वीप, राजस्थान, पुदुचेरी और पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची में दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि को बढ़ा दिया है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को जारी निर्देश में स्पष्ट किया है कि 01 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए यह संशोधन प्रक्रिया अब 19 जनवरी 2026 तक चलेगी। आयोग ने पत्र जारी कर यह सूचना दी है। निर्वाचन आयोग ने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि



वे दावा एवं आपत्ति की बढ़ी हुई अवधि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोधों और अन्य प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के बाद आयोग ने इस विस्तार को मंजूरी दी है। अधिसूचना की तीन प्रतियां आयोग को अभिलेख के लिए भेजी जाएंगी।

यह विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) 2026 विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को सटीक, अद्यतन और समावेशी बनाने के लिए चलाया जा रहा है। विभिन्न राज्यों में ड्राफ्ट मतदाता सूची दिसंबर 2025 में प्रकाशित की गई थी, जिसमें लाखों नामों में संशोधन/हटाने की प्रक्रिया चल रही है। अंतिम मतदाता सूची फरवरी 2026 में प्रकाशित होने वाली है।



## प्यार में धोखे मिलने के बाद रिश्तों को लेकर क्या सोचती हैं रश्मि देसाई? बताए अपने इमोशन

टीवी सीरियल उतरन में तपस्या ठाकुर बनकर फेमस होने वाली रश्मि देसाई अपने नए चैट शो रश्मि दिल से दिल तक को लेकर छाई हुई हैं। अभिनेत्री का शो टीवी स्टार्स के निजी जीवन के बारे में दर्शकों को गहराई से बताएगा, लेकिन असल जिंदगी में खुद इतने सारे धोखे खाने के बाद प्यार और शादी के बारे में रश्मि की राय काफी अलग है। अभिनेत्री का कहना है कि अगर वो किसी के साथ इमोशनली इंवॉल्व होती हैं, तो अपना सब कुछ दे सकती हैं। एक्टर नंदीश संधू से टूटी शादी और कई लड़कों को डेट करने के बाद भी रश्मि देसाई आज भी सही पार्टनर की तलाश में हैं। उन्होंने शोएब इब्राहिम और दीपिका कक्कड़ के रिश्ते को लेकर कहा कि दोनों हमेशा मुस्कुराते रहते हैं लेकिन उन दोनों ने जिंदगी में काफी कुछ झेला है। दोनों ने हर मोड़ पर एक दूसरे का साथ दिया है और यही वजह है कि वे परफेक्ट कपल हैं, जो इमोशनली और प्रैक्टिकली एक दूसरे के साथ हैं। कपल के बीचे के इमोशंस पर बात करते हुए रश्मि देसाई ने कहा कि मैं बहुत प्रैक्टिकल इंसान हूं और मुझे क्रैक कर पाना बहुत मुश्किल है। अगर मैं किसी के साथ इमोशनल पार्ट पर जुड़ी तो उसे अपना दिल, जायदाद, घर और पैसा सब कुछ दे दूंगी क्योंकि मेरे लिए इंसान मैटर करता है, लेकिन अब इतने धोखे खाने के बाद मैंने किसी को अपनी तरफ आने की इजाजत नहीं दी है, लेकिन कहते हैं कि भगवान कोई न कोई रास्ता दिखा ही देता है। इस शो के दौरान मैंने समझा है कि रिश्ता दो लोगों के बीच का होता है, सबका नहीं होता है। रश्मि देसाई ने कहा कि उन्होंने ये भी सीखा कि काम और पर्सनल लाइफ को हमेशा अलग रखना चाहिए। अब मैंने अपने इमोशन को काम में शिफ्ट कर दिया है और मुझे काम करना बहुत पसंद है और ये मुझे हील करने का काम करता है और मेरा हैप्पी प्लेस है। उतरन में काम करने के दौरान ही रश्मि की मुलाकात एक्टर नंदीश संधू से हुई थी। कुछ साल डेट करने के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। दोनों की शादी ज्यादा समय तक टिक नहीं पाई और दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए। इसके बाद उनका नाम अरहान खान और दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जोड़ा गया, लेकिन सिद्धार्थ शुक्ला के साथ अपने रिश्ते पर रश्मि ने कभी खुलकर बात नहीं की, लेकिन दोनों के मतभेद जगजाहिर थे।

## जावेद जाफरी की मायासभा का टीजर जारी, 30 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म



फिल्म तुम्बाड के निर्देशक अनिल बर्वे अपनी अगली फिल्म मायासभा को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले साल नवंबर में उन्होंने फिल्म का पोस्टर जारी किया था जिसमें जावेद जाफरी के रहस्यमयी अवतार ने लोगों का ध्यान खींच लिया था। साल 2026 में निर्माताओं ने इसका टीजर जारी किया है। साथ में फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है। दरअसल, पहले मायासभा की रिलीज तारीख 16 जनवरी, 2026 तय की गई थी। मायासभा के टीजर की शुरुआत जावेद की आवाज से होती है। वह कबीरदास का एक दोहा बोलते हैं, माटी कहे कुम्हार से तू क्या रौंदेगी मोहे, एक दिन ऐसा आएगा कि मैं रौंदूंगी तोए। टीजर के दृश्य में कुछ रहस्यमयी चीजें नजर आती हैं जबकि अभिनेता का अवतार गहन और डरावना प्रतीत होता है। फिल्म 1980 के दशक पर बनी है जिसके जरिए निर्माता जादू-टोना और तिलिस्मी दुनिया को पर्दे पर दिखाएंगे। फिल्म अब 30 जनवरी, 2026 को रिलीज होगी।

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है चेरी टमाटर, जानिए इसके 5 फायदे

चेरी टमाटर एक छोटा और पौष्टिक फल है, जो कई तरह के विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है। यह न केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद गुणकारी तत्व शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इस लेख में हम चेरी टमाटर के कुछ प्रमुख स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा करेंगे, जो आपको इसे अपनी डाइट में शामिल करने के लिए प्रेरित करेंगे।

दिल की सेहत के लिए है लाभदायक

चेरी टमाटर में एक खास तत्व पाया जाता है, जो दिल के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा को संतुलित रखता है और दिल को स्वस्थ रखता है। इसके अलावा चेरी टमाटर में मौजूद विटामिन और खनिज भी दिल की सेहत में योगदान देते हैं। नियमित रूप से चेरी टमाटर का सेवन करने से आप अपने दिल को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं।

आंखों की रोशनी को बेहतर करने में है सहायक

आंखों की रोशनी को बेहतर करने में भी चेरी टमाटर मददगार साबित हो सकता है। इसमें विटामिन और खनिज होते हैं, जो आंखों की रोशनी को सुधारने में सहायक होते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद अन्य तत्व भी आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। रोजाना एक या दो चेरी टमाटर का सेवन करने से आप अपनी आंखों की रोशनी को बेहतर बना सकते हैं और आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं।



त्वचा के लिए है फायदेमंद

चेरी टमाटर की तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में त्वचा को ठंडक पहुंचाने और नमी बनाए रखने में मदद करती है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन और अन्य तत्व त्वचा को चमकदार बनाते हैं और मुंहासों से राहत दिलाते हैं। चेरी टमाटर का सेवन करने से त्वचा की कोशिकाओं को पोषण मिलता है, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। इसे अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

पाचन क्रिया को सुधारने में है मददगार

पाचन क्रिया को सुधारने में भी चेरी टमाटर काफी मददगार साबित हो सकता है। इसमें फाइबर होता है, जो कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है और पाचन क्रिया को स्वस्थ रखता है। इसके अलावा इसमें मौजूद अन्य तत्व पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। रोजाना एक कटोरी चेरी टमाटर का सेवन करने से आप अपनी पाचन क्रिया को मजबूत बना सकते हैं और पेट संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।

कैंसर से बचाव करने में है सहायक

चेरी टमाटर में मौजूद तत्व कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं। यह शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को निकालता है और कैंसर होने की संभावना कम करता है। इन सभी कारणों से साफ हो जाता है कि चेरी टमाटर न केवल स्वादिष्ट बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करें ताकि आप इसके सभी फायदों का लाभ उठा सकें।

# बेबी कॉर्न को डाइट में शामिल करने से मिल सकते हैं स्वास्थ्य लाभ



बेबी कॉर्न का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व भी होते हैं। बेबी कॉर्न में विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ कई बीमारियों से बचाए रखने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि बेबी कॉर्न के सेवन से क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है सहायक

बेबी कॉर्न में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन क्रिया को सही रखने में मददगार हो सकता है। फाइबर आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और कब्ज, गैस जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिला सकता है। इसके अतिरिक्त फाइबर भोजन को अच्छे से पचाने में भी मदद कर सकता है। इसके साथ ही बेबी कॉर्न का सेवन आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देकर पाचन क्रिया को सुधार सकता है।

वजन प्रबंधन में है मददगार

अगर आप वजन घटाने की कोशिश में लगे हैं तो इसके लिए भी बेबी कॉर्न का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें कम कैलोरी होती है और यह उच्च फाइबर युक्त होता है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। इसके कारण आप बार-बार खाने से बच सकते हैं और वजन घटाने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। इसके अलावा बेबी कॉर्न मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है, जिससे शरीर अधिक कैलोरी जलाता है।

आंखों की रोशनी के लिए है लाभदायक

आंखों की रोशनी को बढ़ाने में भी बेबी कॉर्न मदद कर सकता है। इसमें विटामिन-ए और विटामिन-सी होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी होते हैं। ये विटामिन आंखों की रोशनी को बेहतर बनाने के साथ-साथ आंखों की बीमारियों जैसे मोतियाबिंद और उम्र संबंधित दृष्टि हानि से भी बचा सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

दिल को स्वस्थ रखने में है प्रभावी

बेबी कॉर्न का सेवन दिल के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व दिल को स्वस्थ रखते हैं। ये तत्व रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। इसके अलावा इनसे दिल की धड़कन भी नियमित रहती है। बेबी कॉर्न में एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो दिल की बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

कैंसर से बचाव करने में है कारगर

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव करने में भी बेबी कॉर्न फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में हानिकारक तत्वों को खत्म कर कैंसर के जोखिम कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद फाइबर आंतरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हुए कैंसर से बचाव में मदद कर सकते हैं। इस प्रकार बेबी कॉर्न का सेवन सेहत के लिए कई लाभकारी हो सकता है।

## मलाइका अरोड़ा डेटिंग की खबरों पर बोलीं- लोगों को बातें करना पसंद; इससे कोई फायदा नहीं

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद उनकी जिंदगी में कौन आया, कौन गया? ऐसे चर्चे सोशल मीडिया पर आम बात हैं। खुद अभिनेत्री का मानना है कि उन्हें किसी भी अनजान शख्स के साथ देखकर लोग उनके रिश्ते को लेकर अटकलें लगाना शुरू कर देते हैं। हालिया बातचीत में मलाइका ने लंबे समय से चल रही डेटिंग की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में, मलाइका ने नम्रता जकारिया शो में शिरकत की और रहस्यमयी व्यक्ति के साथ अपने नए रिश्ते की खबरों को संबोधित किया। अभिनेत्री ने कहा, लोगों को बातें करना पसंद है। अगर आपको किसी के साथ देखा जाता है, आप बाहर जाते हैं और यह एक बड़ा मुद्दा बन जाता है। मैं बेवजह की बातों को हवा नहीं देना चाहती, इससे कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के चर्चे होना आम बात हो चुकी है। मलाइका ने कहा, जब भी मैं बाहर निकली हूं, चाहे वो कोई पुराना दोस्त हो, समलैंगिक दोस्त हो, शादीशुदा दोस्त हो, मैनेजर हो या कोई भी हो, मुझे तुरंत उसके साथ जोड़ दिया जाता है। ये सब तो हंसी का पात्र बन गया है। कुछ दिन पहले एक कॉन्सर्ट में मलाइका को रहस्यमयी व्यक्ति संग देखकर उनके नए रिश्ते की खबरों ने जोर पकड़ा था। सोशल मीडिया पर दावा किया गया था कि वो शख्स हीरा व्यापारी हर्ष मेहता है।



## राजा साब बॉक्स ऑफिस: 200 करोड़ कमाने के बाद फिर धड़ाम हुई प्रभास की फिल्म, 5वें दिन किया इतना कलेक्शन



प्रभास अभिनीत फिल्म द राजा साब बीती 9 जनवरी सिनेमाघरों में रिलीज हुई. फिल्म के पहले दिन ही विश्व स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने के बाद ट्रेड एनिलिस्ट ने इसके ब्लॉकबस्टर होने की भविष्यवाणी की थी, लेकिन पांच ही दिनों फिल्म की कमाई गिरती चली गई. मारुति के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने गुरुवार को तेलुगु बाजारों से ही 9.15 करोड़ रुपये कमाए. पहले दिन इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया और फिल्म ने भारत में कुल 53.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया.

तेलुगु से 47 करोड़ रुपये और हिंदी से 6 करोड़ रुपये का योगदान रहा. तमिल, कन्नड़ और मलयालम में शुरुआत से ही कमाई काफी कम रही. दूसरे दिन से ही कमाई में गिरावट शुरू हो गई. फिल्म ने शनिवार को 26 करोड़ रुपये कमाए, जो शुक्रवार की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट है. तेलुगु में कमाई घटकर 20.65 करोड़ रुपये रह गई, जबकि हिंदी में 5.1 करोड़ रुपये रही. तीसरे दिन, जिससे कमाई में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, ऐसा नहीं हुआ. रविवार को कमाई और घटकर 19.1 करोड़ रुपये रह गई, जो 26 प्रतिशत से अधिक की एक और गिरावट है.सोमवार फिल्म के लिए बड़ा झटका साबित हुआ. चौथे दिन, द राजा साब ने भारत में सिर्फ 6.6 करोड़ रुपये की कमाई की. रविवार की तुलना में इसमें 65 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई. तेलुगु फिल्म ने 4.98 करोड़ रुपये और हिंदी फिल्म ने 1.5 करोड़ रुपये का योगदान दिया. अन्य भाषाओं की फिल्मों का कलेक्शन नगण्य रहा.पांचवें दिन भी गिरावट जारी रही. सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, फिल्म ने मंगलवार को मात्र 4.85 करोड़ रुपये कमाए. प्रभास की किसी फिल्म के लिए यह सबसे कम साप्ताहिक कमाई में से एक है. इसके साथ ही, पांच दिनों के बाद द राजा साब का कुल भारतीय नेट कलेक्शन लगभग 119.45 करोड़ रुपये हो गया है. वर्ल्डवाइड फिल्म ने चार दिनों में लगभग 201 करोड़ रुपये कमाए हैं और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है. लेकिन यह भी काफी नहीं होगा. खबरों के मुताबिक, फिल्म को ब्रेक-ईवन तक पहुंचने और हिट घोषित होने के लिए वर्ल्डवाइड 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करनी होगी.

## शब्द सामर्थ्य -287

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 286 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# कोयला माफिया-राजनीतिक संरक्षण का गठजोड़

## निरंकुश कोयला माफिया ट्रांसफर का देते हैं अल्टीमेटम

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत पटना, पंडोपारा एवं चरचा थाना क्षेत्र में विगत लगभग 20-25 वर्षों से कोयला माफिया निरंतर सक्रिय हैं। वर्षों से चले आ रहे इस अवैध कारोबार को कथित छुटभैया नेताओं एवं राजनीतिक रसूखदारों का संरक्षण मिलता रहा है, जिसके चलते ये माफिया बेखौफ होकर कानून को ठेंगा दिखाते आए हैं।

वर्तमान में प्रशासनिक सख्ती बढ़ने से कोयला माफिया बौखला गए हैं। सूत्रों के अनुसार पटना थाना प्रभारी की सक्रियता और प्रभावी कार्रवाई से तिलमिलाए शराब व कोयला माफियाओं ने तीन दिन पूर्व थाना प्रभारी के स्थानांतरण का अल्टीमेटम दिया था, जिसकी समय-सीमा गुरुवार दोपहर 1 बजे समाप्त हो गई। बावजूद इसके थाना प्रभारी का तबादला नहीं होना माफियाओं के लिए सीधी चुनौती बन गया है। चरचा कालरी में पहले चरचा थाना के पीछे से छठ घाट के रास्ते मुख्य मार्ग होते हुए



कोयला माफियाओं द्वारा कोयला अवैध कोयला तस्करी की जाती थी वर्तमान थाना प्रभारी द्वारा मुख्य मार्ग से कोयला परिवहन पर लगाम कसने के बाद अब चरचा क्षेत्र के कोयला माफिया शिवपुर-दुर्गापुर नगर के रास्ते पिकअप वाहनों में कोयला भरकर परिवहन कर रहे हैं। वर्तमान में देर रात प्रतिदिन लगभग दो-तीन पिकअप कोयला निकाला जा रहा है वही भोर होते ही चर्चा थाना के बगल से बाइक व साइकिल में कोयले की बोरियों को रखकर ले जाया जाता है, हैरानी की बात यह है कि इस नए नेटवर्क में भी कुछ कथित छुटभैया नेता शामिल बताए जा रहे हैं। चर्चा है कि ये तत्व एक माह के भीतर वर्तमान थाना प्रभारी का तबादला कराकर अपने पसंदीदा अधिकारी को लाने की साजिश में जुटे हैं। कोयला माफियाओं के पसंदीदा थाना प्रभारी की चर्चा बहुत जोरों पर है यदि यह थाना प्रभारी चर्चा आ जाते हैं तो इसे अप्रत्यक्ष रूप से कोयला माफिया की जीत कहा जाएगा क्योंकि इससे उनका वर्चस्व बढेगा और यह माना जाएगा कि उनका प्रभाव काफी ऊपर तक है! चरचा थाना क्षेत्र में वर्षों से पदस्थ कुछ पुलिस कर्मियों पर भी माफियाओं को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इन कर्मियों के मोबाइल फोन की साइबर सेल से निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो पूरा सच सामने आ सकता है। यह स्थिति न केवल पुलिस की छवि को धूमिल करती है, बल्कि ईमानदार अधिकारियों के मनोबल को भी तोड़ती है यह विडंबना ही है कि राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए दिन-रात खून-पसीना बहाने वाले कोयला मजदूरों द्वारा निकाला गया कोयला असामाजिक तत्वों के हाथों में जाकर अवैध कारोबार का साधन बन रहा है। इससे न केवल सरकारी राजस्व को भारी क्षति हो रही है, बल्कि कानून-व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि कोयला माफियाओं, उन्हें संरक्षण देने वाले नेताओं और मिलीभगत करने वाले कर्मियों के विरुद्ध तत्काल, कठोर और पारदर्शी कार्रवाई की जाए। ऐसे तत्वों पर सख्त नकेल कसकर यह संदेश दिया जाए कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। अब देखने वाली बात यह है कि जिले के संवेदनशील और जिम्मेदार पुलिस कप्तान इस संगठित माफिया तंत्र पर किस प्रकार प्रभावी प्रहार करते हैं और ईमानदार अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्भीक होकर कार्य करने का अवसर देते हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह माफियागिरी न केवल कोयलांचल बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है।

## मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 21 जनवरी तक

**कोरिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों बाल देखरेख संस्थाओं के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए राज्य स्तर से विज्ञापन जारी किया गया है, जिसमें पात्र आवेदकों से 12 जनवरी 2026 तक आवेदन मांगी जा रही थी। शासन के आदेशानुसार आवेदन की अंतिम तिथि को वृद्धि करते हुए आवेदन 21 जनवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है।उक्त पदों के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (कलेक्टर कार्यालय के पीछे छिंदडांड) को प्रेषित करना होगा। आवेदन हेतु वर्गवार पदपूर्ति किये जाने वाले पदों का विस्तृत विवरण पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव, अन्य अहर्ताओं, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण, आवेदन पत्र एवं पत्राचार का पता महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एव वेबसाईट www.cgstate.gov.in तथा www.cgwcd.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में डीआईजी ने हेलमेट को सुरक्षा के लिए बताया जरूरी

**सूरजपुर।** सड़क सुरक्षा 6माह के अंतर्गत बुधवार, 14 जनवरी 2026 को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने 70 जरूरतमंद लोगों को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया, हेलमेट पहनने की अनिवार्यता क्यों जरूरी है बताई और कहा कि सुरक्षा विकल्प नहीं जिम्मेदारी है। हेलमेट का सहयोग एनजीओ मिशन नेकी ने कराया था। इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने सड़क सुरक्षा के विषयों से अवगत कराते हुए जरूरतमंदों को हेलमेट वितरित किया और कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में बिना हेलमेट वाहन चलाना, तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने बाइक चालकों को समझाया कि एक छोटी सी लापरवाही न केवल उनकी जान जोखिम में डालती है, बल्कि पूरे परिवार को संकट में डाल देती है। हेलमेट वितरण के दौरान एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, निरीक्षक राजेन्द्र साहू, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, मिशन नेकी के श्रवण जैन, अमर द्विवेदी, तेजश गोयल, निकेत अग्रवाल, आर्यन तिवारी, मुदित जैन सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला एमसीबी में धान खरीदी में अव्यवस्था, किसान खुद भर रहे बोरी, छल्ली लगाने को मजबूर

**मनेंद्रगढ़।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। धान उपार्जन केंद्रों में पुराने धानों की खरीदी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर किसानों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई खरीदी केंद्रों पर किसानों को स्वयं ही धान की बोरियां भरनी पड़ रही हैं और छल्ली (सिलाई) लगाने का काम भी अपने हाथों से करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस पूरे काम के लिए किसानों को किसी प्रकार की मजदूरी नहीं दी जा रही है। मजदूरों की अनुपलब्धता का हवाला देकर समितियों द्वारा यह जिम्मेदारी सीधे किसानों पर डाल दी गई है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा धान खरीदी के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं, जिनमें तौल, भराई और छल्ली लगाने की जिम्मेदारी समिति और नियुक्त मजदूरों की होती है। बावजूद इसके किसान घंटों लाइन में लगने के बाद शारीरिक श्रम करने को मजबूर हैं। इससे न केवल उनका समय खराब हो रहा है बल्कि आर्थिक और मानसिक परेशानी भी बढ़ रही है। इस मामले को लेकर किसानों द्वारा जिला प्रशासन और जिला खाद्य अधिकारी से शिकायत भी की गई। शिकायत के बाद जिला खाद्य अधिकारी द्वारा कुछ उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया, लेकिन यह कार्रवाई केवल औपचारिकता तक ही सीमित नजर आई। किसानों का आरोप है कि मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने अस्थायी तौर पर व्यवस्थाएं दिखाकर मामला शांत करने की कोशिश की, जबकि जमीनी हकीकत में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि निरीक्षण के समय कुछ मजदूरों को दिखाया गया, लेकिन अधिकारियों के जाते ही वही पुरानी स्थिति लौट आई। इसे किसान खानापूर्ति की कार्रवाई बता रहे हैं। स्थानीय किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही धान खरीदी केंद्रों पर मजदूरों की नियमित व्यवस्था नहीं की गई और किसानों से जबरन काम लेना बंद नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेकर स्थायी समाधान करेगा, या फिर कागजी निरीक्षण और दिखावटी कार्रवाई से ही काम चलाया जाता रहेगा। धान खरीदी जैसे संवेदनशील मुद्दे में ऐसी लापरवाही किसानों के विश्वास को तोड़ने का काम कर रही है।

# कॉलरी के सुरक्षा गार्डों ने कोयला से भारी वैगनार को पकड़ा

## प्रतिदिन काफी मात्रा में हो रही है कोयले की चोरी

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र मुख्यालय के विभागीय सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से कोयला चोरी के एक मामले का खुलासा हुआ है, लेकिन इस पूरे प्रकरण में की गई कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि एसईसीएल मुख्यालय में तैनात सुरक्षा प्रहरी विनोद, विशाल एवं निरंजन गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि चरचा थाना के समीप शिवपुर-कठोतिया पारा के पास कुछ वाहनों में कोयला भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही सुरक्षा कर्मी तत्काल मौके पर पहुँचे, जहाँ कोयले से भरी वैगनआर कार क्रमांक CG 07 M 2680 को रोका गया।वाहन चालक की पहचान धीरज जायसवाल, निवासी बैकुंठपुर के रूप में हुई। सुरक्षा कर्मियों ने



वाहन सहित चालक को पकड़कर चरचा थाना के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी प्रमोद पांडे द्वारा बीएनएस की धारा 35, 1(4)/305 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किया गया तथा चालक को गिरफ्तार किया गया। इस पूरे प्रकरण में सबसे गंभीर और सोचनीय पहलू यह है कि विभागीय सुरक्षा कर्मियों ने स्पष्ट रूप से वैगन आर वाहन में लगे कोयला को चरचा कालरी का कोयला मानते हुए पकड़ा उन्हें इस पूरे प्रकरण पर एफ आई आर दर्ज करना चाहिए था इसके बावजूद मामला मात्र संदेह के आधार पर दर्ज किया गया। जबकि यह स्पष्ट रूप से अपराध है व बेहद विचारणीय पहलू है। गौरतलब है कि चरचा कॉलरी प्रबंधन के पास स्वयं की प्रयोगशाला उपलब्ध है, जहाँ कोयले की तत्काल जाँच कर उसकी गुणवत्ता व स्रोत की पुष्टि की जा सकती थी। क्षेत्र में मिलने वाला चरचा खदान का कोयला विशिष्ट गुणवत्ता का होता है, जो अन्यत्र कहीं उपलब्ध नहीं है। इसके अतिरिक्त, आसपास कोई अधिकृत डिपो या सेल काउंटर भी मौजूद नहीं है जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि जब्त कोयला चरचा खदान से ही चोरी किया गया, इसके अतिरिक्त भारी ठंड के मौसम में मुख्य मार्ग की जगह गांव के रास्ते कोयले से भरी वहां का मिलन अपने आप में बेहद संदेहास्पद है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, चरचा कॉलरी के डी-पॉइंट और सी-पॉइंट क्षेत्रों से देर रात लगातार काले रंग की बोलेरो एवं वैगनआर, मारुति वैन आदि वाहनों के माध्यम से कोयले की चोरी की जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कोयला चोरी किया जाता रहा है, लेकिन अब तक प्रभावी और ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।सूत्रों का यह भी दावा है कि इस कोयला चोरी के खेल में कुछ स्थानीय छुटभैया नेता और प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं, जिनके संरक्षण में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। ऐसे में केवल वाहन चालक पर कार्रवाई कर मामले को हल्का करना, पूरे तंत्र की मंशा पर प्रश्नचिह्न लगाता है। कोयला चोरी की बढ़ती घटनाएँ न केवल एसईसीएल को आर्थिक नुकसान पहुँचा रही हैं, बल्कि कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक साख को भी कमजोर कर रही हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संगठित कोयला चोरी आने वाले समय में और भी गंभीर रूप ले सकती है।

## फैक्ट्री में कार्य के दौरान 70 लाख से अधिक का हेराफेरी

**रायपुर।** रामा मोटू लिमिटेड रावाभाठा में स्पेयर पार्ट इसू कराने के नाम पर 70 लाख से अधिक का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी केतन चौधरी 30 वर्ष रामा मोटू कार्यालय मेटल पार्क रावाभाठा ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि आरोपी मुनीर अहमद 37 वर्ष ने कंपनी में काम करने के दौरान स्पेयर पार्ट इसू कराने के नाम पर 70 लाख 41619 रुपए गबन कर लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को मिली तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सोनहत में खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 387 मरीजों को मिला लाभ



**कोरिया बैकुंठपुर।** आयुष विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा मंगलवार को सोनहत बाजार, विकासखंड सोनहत में खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन तक आयुष चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करना, परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजनों सहित सभी वर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शिवकुमारी, सरपंच श्रीमती मानमती, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री सुभाष जायसवाल एवं भूतपूर्व विधायक प्रतिनिधि व ब्लॉक अध्यक्ष कृष कुमार रजवाड़े द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी, जिला कोरिया डॉ. अल्विना ग्रेस टोप्पो उपस्थित रहीं। शिविर में स्वास्थ्य जांच, रोग परामर्श, निःशुल्क औषध वितरण, पंचकर्म एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 387 मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया, जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 325 तथा होम्योपैथिक पद्धति से 62 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में डॉ. तपन चंद्रवंशी, डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता, डॉ. राजेश सिंह यादव, डॉ. ओमकली, डॉ. करिश्मा एक्का, डॉ. प्रमोद सिंह, डॉ. सौरभ, डॉ. सृष्टि गुप्ता एवं डॉ. अंजलि सहित फार्मासिस्ट एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। आयुष विभाग ने जानकारी दी कि आगामी महीनों में जिले के सभी विकासखंडों में इसी प्रकार के आयुष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को आयुष चिकित्सा का लाभ मिल सके।

## मकर संक्रांति पर रानीकुण्डी तीर्थ स्थल बुन्देली में विशाल मेला एवं खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**एमसीबी।** मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एमसीबी जिले के रानीकुण्डी तीर्थ स्थल, बुन्देली ग्राम पंचायत में विशाल धार्मिक मेले का आयोजन किया गया। मेले के साथ-साथ पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का भी भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पुरुष एवं महिला कबड्डी सहित विभिन्न ग्रामीण खेल शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। आयोजन समिति एवं समस्त सरपंच संघ, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुन्देली स्थित रानीकुण्डी धाम में सामुदायिक भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि यह भवन बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं, खिलाड़ियों एवं बालिकाओं के ठहरने के लिए एक सशक्त सुविधा के रूप में कार्य करेगा। अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रानीकुण्डी तीर्थ स्थल क्षेत्र का एक प्राचीन एवं प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां धवरेल राजा-रानी के सती होने से जुड़ी मान्यताएं प्रचलित हैं। यहां दूर-दराज़ से श्रद्धालु स्नान, दान-पुण्य एवं भंडारे के लिए पहुंचते हैं। यहां स्थापित शिवलिंग की अपनी विशेष धार्मिक महिमा है।

## अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्टिवा सवार 4 युवकों से 238 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि फाफाडीह शराब दुकान के सामने एक्टिवा सवार चार युवक अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश साहू 29 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 238 पाव देशी शराब व एक्टिवा वाहन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# 20 वर्षों बाद गेल्हापानी को मिला अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र

**चिरमिरी।** एमसीबी जिले के चिरमिरी अंतर्गत गेल्हापानी क्षेत्र के लिए यह दिन ऐतिहासिक बन गया, जब लगभग 20 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद क्षेत्रवासियों को अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिली। मनेन्द्रगढ़ विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशील पहल और स्थानीय कार्यकर्ताओं के निरंतर प्रयासों से अब गेल्हापानी में सप्ताह में दो दिन डॉक्टर, नर्स और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

फिलहाल यह अस्थाई स्वास्थ्य सेवा स्थानीय सामुदायिक भवन में अस्थायी रूप से संचालित की जा रही है, जहां नियमित रूप से मरीजों का इलाज किया जाएगा। उप स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ से क्षेत्र के लोगों में खुशी और राहत का माहौल देखने को मिला। वर्षों से इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में भटकने वाले ग्रामीणों को अब अपने ही क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने डॉक्टरों का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया तथा माथे पर कुमकुम लगाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान लोगों के चेहरों पर संतोष और उम्मीद की झलक साफ नजर आई। विकासखंड के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विशेष प्रयासों से संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि गेल्हापानी में डॉक्टर और दवाइयों की सुविधा लंबे समय से लोगों की मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। यहां सामान्य रोगों का इलाज यहीं किया जाएगा, जबकि गंभीर बीमारियों के मामलों में मरीजों को तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया जाएगा, जिससे उन्हें सभी आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सकें।

स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र और हर कॉलरी में चिकित्सा सुविधा पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। चिरमिरी क्षेत्र की कॉलरियों में अस्पताल और डॉक्टरों की उपलब्धता इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। लोगों ने इस पहल के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। गेल्हापानी में अस्थाई अस्पताल की स्थापना के लिए भाजपा पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस प्रयास में भाजपा चिरमिरी के मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, मालती काशीपुरी, हसीना बेगम, रोशनी श्रीवास्तव, ओमप्रकाश अग्रवाल, रूपमती, बाबूलाल, अजय सिंह, दिलीप कुजूर सुरेश पोखरियाल एवं श्रीमती दीपा जायसवाल पार्षद तथा अमित जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। बहरहाल गेल्हापानी में अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत से क्षेत्रवासियों को न केवल बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी, बल्कि यह कदम ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

### कलेक्टर डी राहुल वेंकट ने ली समीक्षा बैठक

## डीएमएफसे लेकर जन शिकायत तक कलेक्टर का सख्त संदेश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**एमसीबी।** जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के सभी विभागों की व्यापक समीक्षा बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना रहा। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ कार्य करें। बैठक में डीएमएफ मद से स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, जन शिकायतों तथा सरगुजा विकास प्राधिकरण में लंबित मामलों की बारीकी से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ जिले के विकास की रीढ़ है, अतः इससे जुड़े सभी कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि डीएमएफसे किसी भी प्रकार के कार्य की स्वीकृति के लिए अब केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे, जिससे पूरी प्रक्रिया डिजिटल, रिकॉर्डेड और मॉनिटरिंग योग्य बन सके। चिरमिरी क्षेत्र में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पानी के सैंपल भेजने तथा इसकी जानकारी सभी जिला अधिकारियों की संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही एसी ट्राइबल विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग को उन क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया, जहां नेटवर्क की समस्या के कारण आधार पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। सभी आधार ऑपरेटरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देने, सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्र-छात्राओं का आधार निर्माण सुनिश्चित करने तथा हॉस्टल एवं छात्रावासों में आधार बनाने की जिम्मेदारी एसी ट्राइबल विभाग को सौंपने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सरगुजा ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही खोंगापानी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। खोंगापानी, नई लेदरी एवं चिरमिरी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर भी विशेष जोर दिया गया। 15 जनवरी 2026 को जनकपुर सामुदायिक भवन में आयोजित होने वाले दिव्यांग शिविर की जानकारी देते हुए बताया गया कि शिविर में आधार निर्माण हेतु निर्धारित शुल्क लिया जाएगा, यह सेवा निःशुल्क नहीं होगी। इसी प्रकार का शिविर खड़गवां में भी आयोजित किया जाएगा।

## बसंत पंचमी 23 को

**रायपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऋतु परिवर्तन का पर्व एवं मां सरस्वती की आराधना एवं मां परमेश्वरी की आराधना का पर्व वसंत पंचमी राजधानी सहित प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जाएगा।

# बचरापोड़ी में गूंजा 'मनरेगा बचाओ संग्राम', काले कानून के खिलाफ कांग्रेस की हुंकार

## मोदी सरकार का नया कानून श्रमिक अधिकारों पर हमला-कांग्रेस

**कोरिया बैकुंठपुर।** 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत गुरुवार को पंचायत स्तरीय पदयात्रा निकाली गई, जिसकी शुरुआत ग्राम तमजीरा से बचरापोड़ी के साप्ताहिक बाजार में आयोजित विशाल आमसभा के साथ समापन हुआ। आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाए गए नए ÒV.B.G.RAM.G.' अधिनियम को मनरेगा को खत्म करने की सोची-समझी साजिश बताते हुए इसे श्रमिक विरोधी और काला कानून करार दिया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने 'सुधार' के नाम पर लोकसभा में बिल पास कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की वैधानिक आत्मा को समाप्त कर दिया है। यह कदम महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, श्रम की गरिमा और गरीबों के काम के अधिकार पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकार आधारित कानून के रूप में लागू था, जिसके तहत हर ग्रामीण परिवार को काम मांगने का वैधानिक अधिकार था और 15 दिनों के भीतर रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य था। लेकिन नया कानून इसे एक कंडीशनल और केंद्र-नियंत्रित प्रशासनिक योजना में बदल देता है, जिसे चलाना या बंद करना पूरी तरह सरकार की मर्जी पर निर्भर



होगा। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि राज्यों पर डाला गया रू 50,000 करोड़ का बोझ केंद्र सरकार ने मनरेगा में अपनी वित्तीय हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दी है। इसके चलते राज्य सरकारों पर लगभग रू 50,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। पहले जहां केंद्र सीधे फंड जारी करता था, अब राज्यों को पहले 40 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केंद्र का हिस्सा मिलेगा। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्यों के लिए यह असंभव है, जिससे योजना धीरे-धीरे बंद होने की स्थिति में पहुंच जाएगी। जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि काम रोकने का नया रास्ता, मजदूरों को भूखा रखने की साजिश पहले मनरेगा के तहत सरकारी आदेश से कभी काम नहीं रोका जा सकता था, लेकिन नया सिस्टम हर साल तय अवधि में जबरन रोजगार बंद करने की अनुमति देता है। फंड खत्म होने, फसल सीजन या बजट सीमा का बहाना बनाकर मजदूरों को महीनों तक काम से वंचित किया जा सकता है। 100 दिन का वादा बना जुमला नेताओं ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यकाल में मनरेगा का राष्ट्रीय औसत केवल 38 दिन रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से मनरेगा कार्य बंद है। 100 या 125 दिन काम देने की बातें सिर्फ भ्रम फैलाने की कोशिश हैं। बिहारी लाल राजवाड़े ने कहा राम के नाम पर भ्रम, असल में मजदूर विरोधी कानून सभा में यह भी कहा गया कि भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर जनता को गुमराह कर रही है। ÒV.B.G.RAM.G.'में कहीं भी भगवान राम से जुड़ा कोई प्रावधान नहीं है, बल्कि इसका पूरा नाम 'विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' है, जो मनरेगा की वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है। महात्मा गांधी के नाम को हटाना, विचारों पर हमला। महात्मा गांधी का नाम हटाना सिर्फ नाम बदलना नहीं, बल्कि उनके विचारों, ग्राम स्वराज और श्रम की गरिमा को कमजोर करने का प्रयास है। यह योजना कोरोना काल जैसी आपदाओं में करोड़ों गरीब परिवारों की लाइफलाइन रही है। कांग्रेस की प्रमुख मांगें। मनरेगा को पुनः अधिकार-आधारित वैधानिक कानून का दर्जा दिया जाए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर रू 400 प्रतिदिन की जाए, ग्राम सभाओं और पंचायतों के अधिकार बहाल किए जाएं, अघोषित रूप से बंद मनरेगा कार्य तत्काल शुरू किए जाएं। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी लाल राजवाड़े, हेमसागर यादव, नरेश जायसवाल, गणेश राजवाड़े विकाश श्रीवास्तव जाग्रत कुर्रे, कलावती मरकाम, फ़रोग, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, बसंत सिंह, एजाज़ गुड्डु, एस एन मोदी, रामकुमार यादव, कुंवर साय एवं अनेकों कांग्रेसजन पंचायत स्तर जनसंपर्क पदयात्रा और आमसभा में बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक, महिला मजदूर, पंचायत प्रतिनिधि और कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोरबा रेंज के जाममुड़ा पहुंचा दंतैल हाथी, मुनादी कराने में जुटा विभाग

**कोरबा।** जिले के चचिया धान उपार्जन केंद्र में अचानक पहुंचकर वहां के कर्मचारियों को दहशत में डाल देने वाला दंतैल हाथी अब कोरबा रेंज के जाममुड़ा जंगल पहुंच गया है। बीती रात पहुंचे दंतैल को आज सुबह ग्रामीणों द्वारा यहां पर विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचकर दंतैल की निगरानी में जुट गया है। वहीं आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों को दंतैल हाथी के क्षेत्र में आने की जानकारी देते हुए उससे दूरी बनाए रखने की अपील की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को घरों पर रहने तथा जंगल न जाने की सलाह भी दी जा रही है। करतला उधर करतला रेंज के तिलईडबरा तथा चिकनीपाली पहाड़ पर हाथियों का दो दल लगातार विचरण कर रहा है हालांकि हाथियों के दल ने क्षेत्र में कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है।

## युवाओं को दिया जा रहा इलेक्ट्रिशियन कार्य का प्रशिक्षण



**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज के मदनपुर गांव स्थित करैइहापारा में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के वास्ते वन प्रबंधन समिति द्वारा अल्पकालिक व्यवसायिक एवं मृदु कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत इलेक्ट्रिशियन कार्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में युवा भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे की देखरेख में प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम 14 जनवरी से शुरू हुआ जो आगामी दिनों तक चलेगा।

# भाजयुमो अध्यक्ष की रेस में 7 चेहरे, फैसले पर नजर

### अनुभव के साथ ऊंची एप्रोच का होना जरूरी

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी ने कोरबा जिला के संगठन में गोपाल मोदी को पिछले दिनों नई जिम्मेदारी दी। उन्होंने अपनी नई टीम तैयार कर ली जो संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। अब विभिन्न इकाईयों को जमीन पर उतारने का काम चल रहा है। खबर के अनुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी का काम फाइनल होना बांकी है। 7 चेहरे अध्यक्ष पद की रेस में है। हर हाल में यह पद हासिल करने के लिए उत्साही कार्यकर्ता जमकर जोर लगाए हुए हैं। जिसका जितना दम होगा, उस आधार पर फैसला होगा, ऐसा दावा किया जा रहा है।

भाजपा के यूथ विंग का अपना विशेष महत्व है। विभिन्न प्रकार के उत्सहजनक कार्यक्रम को पूर्ण करने से लेकर यहां-वहां भाग दौड़ के मामले में युवाओं की महत्ता ज्यादा होती है। उनकी उपयोगिता अलग-अलग कारणों से भी तय करने का काम संगठन करता है। इसलिए हर दृष्टि से उपयुक्त कार्यकर्ताओं की तलाश युवा मोर्चा को रहती है। फिटनेस के साथ क्विक डिसीजन लेने, एक दिन में अधिकतम समय संगठन को देने और किसी भी स्थान पर जोश दिखाने के साथ होश ना खोना पड़े, यह भी अहम चीज होती है। युवा मोर्चा के अध्यक्ष को लेकर कुछ ऐसे ही चेहरे की तलाश में संगठन है। सूचनाओं पर विश्वास किया जाए तो कोरबा जिले में भाजपा के अलग-अलग नेताओं से जुड़े कार्यकर्ता युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनने की रेस में है। उन्होंने पिछले समय में संगठन को दिए समय और अपने योगदान के साथ आगे की प्राथमिकताओं को लेकर गारंटी दी है और इसके आधार पर दायित्व देने की मांग की है। कहा जा रहा है कि कामकाज का अनुभव और योगदान अपनी जगह पर है लेकिन राजनीतिक क्षेत्र के मामले में बड़े नेताओं तक ऊंची पहुंच का होना कुछ अलग मायने रखता है। इसके आगे दीर्घ अनुभव भी कई बार बौना साबित हो जाता है। आयु से लेकर दूसरे मापदंड का कोई महत्व नहीं रह जाता। खबर के अनुसार ऐसे दावेदारो ने जिला संगठन से लेकर केबिनेट मंत्री, उप मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री से अपने संबंध का हवाला देकर एप्रोच लगाई है। इनमें से कोई एक कारण किसी एक कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाने का ठोस आधार बनेगा। बाकी दावेदार दूसरी भूमिका में होंगे। नया अध्यक्ष कौन हो सकता है, इसके लिए इंतजार करना होगा।

## जिला भाजपा की होगी समीक्षा बैठक

**कोरबा।** आज जिला भाजपा कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें आगे की रूपरेखा भी तैयार होगी। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन के अलावा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री सरजू अजय पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री भागवत विश्वकर्मा जी राम सहयोग चुलेश्वर राठौर हरीश थरवानी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। बैठक में अध्यक्ष व महामंत्रियों को बुलाया गया है। मंडलो में कई कार्य सौंपे गए थे। असके अलवा जी राम को लेकर आगे की रूप रेखा तैयार होगी। सभी मंडलो में 4 सदस्यों की टीम बनेगी। बैठक में अभिषेक गर्ग,समजीत सिंह, डिलेन्द्र यादव, दिनेश राठौर, रामकुमार गबेल, मनीष मिश्रा योगेश मिश्रा राजेशा राठौर, मनोज लहरे किए गए कार्यो की जानकारी देगें।

## विकास कार्यो का भूमि पूजन

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी क्षेत्र के 4 नबर वार्ड में मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। यह भूमि पूजन नगर पंचायत के अध्यक्ष पदमिनी देवांगन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हीरनंद पजवानी, विधायक प्रतिनिधि प्रीमत देवांगन, श्याम कुमार साहू, संजू यादव, रमेश श्रीवास, टीकेत डोंगरे रवि साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। वार्ड के नागरिको द्वारा काफी लंबे समय से मंच निर्माण की मांग की गई थी। इसके अलावा अन्य कार्यो को लेकर भी पत्र लिखे गये थे। पंचायत क्षेत्र में अब सभी कार्य धीरे धीरे किए जाएगें।

## अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के नाम पर ठगे 5 लाख

### कोहड़िया क्षेत्र के दो लोग को लगी चपत

**कोरबा।** विभाग में लंबित अनुकंपा नियुक्ति का मामला निराकृत करने के नाम पर दो लोगों से ठगी हो गई । उनकी मेहनत की कमाई के 5 लाख रुपए हड़प लिए गए। जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़ क्षेत्र से वास्ता रखने वाले ठग के खिलाफ सीएसईबी पुलिस ने अपराध दर्ज किया है । मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के सीएसईबी पुलिस चौकी का यह मामला है। जानकारी मिली है कि चौकी क्षेत्र में शामिल नगर निगम के कोहड़िया मोहल्ला में रहने वाले दो लोगों से भारी भरकम राशि की ठगी की गई। पीड़ित वर्ग के पिता पहले सरकार के आबकारी विभाग में कर्मचारी थे। सेवा कल के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिस पर परिवार के एक-एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए नामांकन की प्रक्रिया कराई गई। इसके लिए समय सीमा निश्चित है और इसके तहत कार्रवाई की जानी है लेकिन आबकारी विभाग में अनुकंपा नियुक्ति देने को लेकर काफी विलंब किया गया। इससे लोग परेशान हो गए। कई स्तर पर पत्राचार और प्रत्यक्ष संपर्क के बाद जब बात नहीं बनी तो उन्होंने दूसरे चैनल का सहारा लिया। इसी कड़ी में पीड़ित पक्ष ठगों के नेटवर्क में फस गया। उनकी चिकनी चुपड़ी बातों में आकर 5 लाख दे दिए गए। अरसा बीतने पर भी जब अनुकंपा नियुक्ति का आर्डर नहीं मिला तो पीड़ित पक्ष को संदेह हुआ। आनाकानी करने पर इस बात की पुष्टि हुई कि उनके साथ ठगी हुई है जिस पर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने कहा की प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

## जल्द निर्माण कराएं 1.5 एमएलडी क्षमता के प्लांट का

### वेलफेयर बोर्ड सदस्य तिवारी की मांग



**कोरबा।** साउथ इस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड गेवरा दीपका क्षेत्र में कर्मचारी कल्याण को लेकर बहुत सारे काम अपेक्षित हैं। प्रबंधन से लगातार इस दिशा में पहल की जा रही है। वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सृष्टिधर तिवारी ने कई बिंदुओं पर प्रबंधन को पत्र लिख ध्यान दिलाया है। उन्होंने कहा कि प्रगतिनगर कालोनी और अन्य कालोनियों में जलप्रदाय बेहतर करने के लिए 1.5 एमएलडी क्षमता का वाटर फील्टर प्लांट का निर्माण जल्द कराया जाना चाहिए।

प्रबंधन को भेजे गए पत्र में कहा गया कि वेलफेयर मीटिंग में प्रगति नगर में नए स्कूल और कल्याण मंडल निर्माण के निर्णय पर क्रियान्वयन किया जाए। श्रामवीर स्टेडियम में स्पोर्टस कॉप्लेक्स का निर्माण जरूरी है। सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, प्रगति नगर के आवासों में छतों और दीवार से पानी रिसाव का समस्या का समाधान, स्नेह मिलन केन्द्र में स्वागत द्वार और तेवर ब्लाक कार्य कराने की मांग की गई है। कहा गया कि टीए ऑफिस में आवास संबंधित शिकायत दर्ज कराने पर भी महीनों तक निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए समय सीमा निर्धारण करना जरूरी है। सृष्टिधर तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि उनकी ओर से जो सुझाव दिए है वे सभी कर्मचारियों के व्यापक हित से जुड़े हुए है। इसलिए इस तरफ गंभीरता दिखाई जानी चाहिए।

## श्रीराम की महिमा सुनी लोगों ने कार्यक्रम में, पूर्णाहुति से समापन



**कोरबा।** दीपका बस्ती में नौ दिनों तक चले अखंड नवधा रामायण का समापन हवन सहस्त्र धारा एवं पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव के बीच संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान प्रतिदिन रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अखंड नवधा रामायण समिति एवं आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा। समिति में आचार्य शिव प्रसाद तिवारी, आचार्य जगन्नाथ तिवारी, हनुमान सिंह कंवर, पंचराम जायसवाल, सुखीराम यादव, रामनारायण जायसवाल, विजय भूषण सिंह कंवर, राधेलाल कंवर, रामकुमार कंवर, बाबू सिंह कंवर,रोहित जायसवाल, धरम तिवारी, जयपाल सिंह कंवर, सूरजभान कंवर, दुर्गेश केवट, पार्षद कमलेश जायसवाल, पार्षद सविता कंवर, पार्षद ज्योति तिवारी, पार्षद सुनीता जयसवाल, राजू प्रजापति, सरस्वती कंवर, कुलदीप तिवारी, गोयल कंवर, गजेंद्र सिंह राजपूत, एवं योगेश कंवर, लेखपाल कंवर,नवरतन कंवर, महेश राम यादव,सहस राम यादव, छत्रपाल सिंह राजपूत, धीरपाल कंवर, गोपाल कंवर, रुद्रशरण कंवर, जगमोहन कंवर, धन सिंह, जीवराखन कंवर,पुसयूं राम, गोविंद कंवर, बजरंग कंवर, छोटेलाल यादव, गोविंद यादव, चतुर सिंह, अज्जू महाराज, गोकरण कंवर, ललित कंवर सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कीर्तन मंडली, आरती मंडली तथा बड़ी संख्या में दीपका बस्ती के नागरिकों ने आयोजन में भाग लिया। समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## सही इतिहास की जानकारी मिली विद्यार्थियों को : मृगेश

### नई रोशनी दिखाने का माध्यम बनी शिक्षा नीति

**कोरबा।** भारत सरकार द्वारा नवीन शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने के बहुत सारे परिणाम साफ तौर पर नजर आ रहे हैं। प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से इसे महसूस किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि विद्यार्थियों को इतिहास के सही तथ्यों को जानने का मौका मिल रहा है और यह उन्हें मानसिक स्तर पर सशक्त बनाएगा।

जिले के शासकीय कॉलेज करतला में प्राचार्य मृगेश यादव ने आज तरूण छत्तीसगढ़ से बातचीत करते हुए कहा कि देखा जाए तो उच्च स्तर पर शिक्षा नीति को बहुत समय पहले बदल दिया जाना चाहिए था लेकिन देर से ही



सही बेहतर काम हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति के दूसरे पक्षों को इस रूप से देखा जाना चाहिए कि राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जो चीजें बहुत ज्यादा आवश्यक है, उनका समावेश पुस्तकों में होना चाहिए। महाविद्यालय में आने के साथ विद्यालयों को राजनैतिक और एतिहासिक और सामाजिक विषियों के संबंध में प्रमाणित जानकारी प्राप्त हो, ऐसी अपेक्षा तो होना ही चाहिए। कहना गलत नहीं होगा कि लंबे समय से विशेष तौर पर जो चीजें इतिहास का हिस्सा थी उनका औचित्य समझ से परे रहा। आवश्यकता इस बात की है कि भारत के सामाजिक और ऐतिहासिक संदर्भ में विद्यार्थियों के लिए जरूरी क्या है, इसका ध्यान रखा जाए। श्री यादव ने कहा कि देश की संस्कृति, सभ्यता और यहां का गौरवगान जिन चीजों से हो सकता है, कम से कम उन पर फोकस हो। ऐसी मानसिकता को बहुत पहले हासिए पर किया जाना चाहिए था जो सोच को संकीर्ण बनाती है और प्रभावित करती है।

सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभा रहे श्री यादव ने कहा कि यही सब कारण है कि नवीन शिक्षा नीति में अपरिहार्य विषयवस्तु का समावेश किया गया है। इसके माध्यम से नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को कम से कम भारत के गौरवशाली अतीत और स्वर्णिम वर्तमान के बारे में जानने का अवसर मिल रहा है।

## नया ब्लॉक अध्यक्ष कल मिलेगें महंत से

**कोरबा।** कांग्रेस के नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। कल सभी नए ब्लॉक अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत से मुलाकात करेगें। नया ब्लाक अध्यक्ष में संजय आजाद गोरेलाल यादव ,दिलीप सिंह, ए डी जोशी, सत्य नारायण पैकरा, सहित अन्य ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा आएगें। और मुलाकात करते हुए आगे की रणनीति पर चर्चा करेगें। संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए ब्लॉक अध्यक्षयों की नियुक्ति की गई है। सभी ब्लाकों में नए मंडल भी बनाए गए है। मंडल अध्यक्ष नामों की घोषणा की इंतजार कर रहे है।

## पहंदा में गौरा पूजन

**कोरबा।** ग्राम पहंदा में गौरापूजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला पंचायत की सदस्य सुषिमा अनंत शामिल हुई। इसके पहले कुकरी चोली में आयोजित रामायण कार्यक्रम में भ्झी शामिल हुई। इस आशय की जानकारी देते हुए कमलेश अनंत ने बताया कि क्षेत्र में गुरूघासी दास जयंती समारोह का लगातार आयोजन भी हो रहा है।

## रोस्टर के आधार पर पदोन्नति की मांग

**कोरबा।** अजा पिछड़ा वर्ग काउंसिल की आई आर बैठक बिलासपुर में आयोजित की गई । जिसमें पदोन्नति के मामले उठाए गए। लंबित मामलो को उठाते हुए कहा गया कि रोस्टर नियमों का पालन किया जाए एसईसीएल महामंत्री ए विश्वास विरेन्द्र टंडन जवाहर मार्को, रामकुमार वर्मन, ने भी अन्य कई मांगो को प्रबंधन के सामने रखा ।

## मिनी गार्डनिंग: फूलों से मुस्कुराना सीख रहा कोरबा

### नगर सौंदर्यीकरण से मिली नई पहचान

**कोरबा।** नगर पालिका निगम कोरबा द्वारा नगर सौंदर्यकरण अभियान को नई गति दी जा रही है। इसी क्रम में शहर के विभिन्न हिस्सों में की गई मिनी गार्डनिंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही है। चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और पहले खाली पड़ी जगहों पर विकसित किए गए ये छोटे-छोटे उद्यान न सिर्फ शहर की सुंदरता बढ़ा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी पैदा कर रहे हैं।

नगर निगम ने सुरक्षित और आकर्षक शहर की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से इन स्थानों पर मिनी गार्डन विकसित किए हैं। महापौर संजू देवी राजपूत और नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे की पहल और सकारात्मक सोच से यह कार्य संभव हो पाया है। इस पूरे अभियान में निगम के उद्यानिकी विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नगर निगम की ओर से बताया गया कि इन मिनी गार्डन में गेंदा, डहेलिया, गुलाब, सेवंती,



गुड़हल, ट्यूलिप सहित विभिन्न किस्मों के मौसमी और सजावटी फूल लगाए गए हैं। ठंड के मौसम में खिले इन रंग-बिरंगे फूलों का बहुरंगी कलेवर राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को खासा आकर्षित कर रहा है। एक ओर यह पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है, वहीं दूसरी ओर आमजन को गार्डनिंग और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित भी कर रही है। नागरिकों का कहना है कि ऐसे प्रयासों से शहर की पहचान और रहने का अनुभव दोनों बेहतर हो रहे हैं। नगर निगम ने भविष्य में भी ऐसे ही और स्थानों पर मिनी गार्डन विकसित करने की योजना बनाई है, ताकि कोरबा को एक हरित और सुंदर नगर के रूप में स्थापित किया जा सके।

## जनजातीय समाज की जीवन पद्धति जानी वाल्मिकी आश्रम में, गुरुकुल के छात्रों ने किया अन्नदान

**कोरबा।** मकर संक्रांति अवसर पर रानी लक्ष्मी बाई उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं एवं एके गुरुकुल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जनजाति समुदाय स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम, कोरबा का शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समाज के अनुशासित जीवन, परिश्रमपूर्ण जीविका तथा आत्मनिर्भरता जैसे वास्तविक जीवन मूल्यों से परिचित कराना था।



इस अवसर पर आश्रम में व्याप्त सादगी, अनुशासन और संघर्ष की भावना ने विद्यार्थियों के मन में नई सोच, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार किया। मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई, जिससे उनमें उद्देश्यबोध, सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक संवेदनशीलता का विकास हुआ। महर्षि वाल्मीकि आश्रम एक पवित्र एवं प्रेरणादायक स्थल है, जहाँ महर्षि वाल्मीकि द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों—अनुशासन, तप, सादगी, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता—का व्यवहारिक रूप देखने को मिलता है। यह आश्रम जनजातीय समुदाय के लिए संस्कार, श्रम, नैतिकता और सामाजिक चेतना का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। साथ ही, विद्यालय में मकर संक्रांति के अवसर पर सभी विद्यार्थियों द्वारा आपसी सहयोग से अन्नदान करने का संकल्प लिया गया था। इस संकल्प को पूर्ण करते हुए विद्यार्थियों के माध्यम से एकत्रित किया गया अन्न महर्षि वाल्मीकि आश्रम में अध्ययनरत बच्चों को स्वयं अपने हाथों से समर्पित किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों में दान, सहयोग एवं मानवता के मूल्यों को आत्मसात करने का भाव विकसित हुआ।

## देशी व्यंजनों का स्वाद लोगों को ओपन थिएटर में मिलेगा 18 को

**कोरबा।** महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के साथ कई प्रकार की कोशिश माय जी फाउंडेशन कर रहा है । उसके द्वारा ओपनथियेटर घंटाघर में 18 जनवरी को सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक कल्चरल कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। व्यंजनो की बगिया लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगी जहां पर उन्हें देसी स्वाद मिलेगा।



फाउंडेशन की प्रमुख निधि तिवारी ने आज स्थानीय मीडिया से चर्चा करते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल में चीला, फरा, अइरसा, पीडिया, पपची, देहरौरी, बड़ी, बिजौरी, दही मिर्ची का स्वाद लोग ले सकेंगे। सुनिश्चित किया गया है कि काफी किफायती कीमत पर लोगों को इसकी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी । व्यवसाय्या के बजाय उपभोक्ता संतुष्टि एक प्रमुख ध्येय रखा गया है। बताया गया कि इस अवसर पर लोगों के स्वास्थ्य मनोरंजन के लिए फुगड़ी, खो-खो, कुर्सी दौड़, पतंग उडाओ प्रतियोगिता रखी गई है । सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी व्यांजनो की थाली सजाओं प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रखा गया है। हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रस्तुत करने के लिए शाम 4 बजे से हमारे लोकगीत जैसे पंडवानी की प्रस्तुती पूजा दीवान द्वारा दी जाएगी। इसी के साथ हमारे स्थानीय कलाकारो द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य, सुआ, गेड़ी, करमा, ददरिया, छेरछेरा आदि मनमोहक प्रस्तुति से आयोजनो को सजाया गया है। फाउंडेशन ने नागरिकों से कहां है कि वह अधिक संख्या में यहां पहुंचकर कार्यक्रम को देखें और समझे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com